समृद्धि न्यूज़

सेंसेक्स	निफ्टी
59,832.97	17,599.15

तापमान
अधिकतम 36 ℃
न्यूनतम 20 ℃

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आम जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूल गई भाजपा सरकार : गोप पेज-02

हम अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर है जनता के बीच : भूपेंद्र चौधरी पेज-03

वर्ष 10 अंक 229 लखनऊ, 10 अप्रैल सोमवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



संक्षिप्त समाचार

अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन करेंगे सचिन पायलट

जयपुर। राजस्थान में सचिन पायलट ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी की सरकार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पायलट ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा, फ्रमैंने मुख्यमंत्री गहलोत से पूर्व ष्टरूवसुंधरा राजे के खिलाफ शिकायत की थी, लेकिन गहलोत ने कोई एक्शन नहीं लिया।

राहुल गांधी के एक और मानहानि का केस होगा दर्ज

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सर्मा ने कहा कि वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराएंगे। बता दें कि राहुल गांधी ने शनिवार को अडाणी के मुद्दे सवाल उठाए थे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व 5 नेताओं को भी अडाणी से जोड़ा था। उन्होंने ट्विटर पर एक फोटो शेयर की।

दिल्ली के सैक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के सैक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे। यहां उन्होंने कैंडल सेरेमनी में हिस्सा लिया। पीएम ने देश की शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इससे पहले चर्च के फादर फ्रांसिस स्वामीनाथन ने कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां चर्च में आ रहे हैं।

हरियाणा के पूर्व सीएम की गाड़ी का एक्सीडेंट

चंडीगढ़। हरियाणा के हिसार में पूर्व ष्टरूभूपेंद्र सिंह हुड्?डा के काफिले का एक्सीडेंट हो गया। उनकी कार के सामने अचानक नील गाय आ गई। जिससे उनकी गाड़ी आगे से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार के एयरबैग खुल गए थे जिसके कारण भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कुछ नहीं हुआ।

अंडमान-निकोबार आईलैंड पर एक ही दिन में भूकंप के 3 झटके

पोर्ट ब्लेयर। निकोबार आईलैंड पर रविवार दोपहर करीब 4.40 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.2 आंकी गई। इसके पहले दोपहर 2.59 बजे अंडमान-निकोबार आईलैंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 आंकी गई। इसका सेंटर जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

यूपी में दो चरणों में होगा निकाय चुनाव: 13 मई को आएगा रिजल्ट, आचार संहिता लागू

चार और 11 मई को होगी वोटिंग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

यूपी निकाय चुनाव को लेकर बड़ी खबर है। लखनऊ में रविवार शाम को राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। यूपी में 4 मई और 11 मई को चुनाव होगा। 13 मई को रिजल्ट आएगा। इससे पहले यूपी निकाय चुनाव आरक्षण की नई लिस्ट जारी हुई। 232 आपत्तियों के निस्तारण के बाद अधिसूचना जारी की गई।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम का चुनाव ईवीएम से होंगे। जबकि नगर पंचायत का चुनाव मत पेटिका से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी में कुल 707 निकाय हैं। इसमें 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका और 544 नगर पंचायत हैं।

दरअसल, 27 दिसंबर को हाईकोर्ट के आदेश से यूपी सरकार को झटका लगा था। कोर्ट ने राज्य सरकार की उस ओबीसी सूची को खारिज कर दिया था जिसके दम पर निकाय चुनाव करवाने की तैयारी थी। हाईकोर्ट ने साफ कहा था कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के नियमों का पालन नहीं किया और उसके बिना ही चुनाव की घोषणा की गई। तब कोर्ट ने सरकार को ये भी कहा था कि वो बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवा सकती है। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

रिपोर्ट आने के बाद ही कराया जाएगा चुनाव

28 दिसंबर 2022 को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले को सुप्रीम कोर्ट में मेंशन किया। उन्होंने कहा कि डीलिमिटेशन की प्रक्रिया चल रही है। सरकार ने ओबीसी आयोग का गठन कर दिया है। स्थानीय निकाय चुनाव अब आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही कराया जाएगा। इसके बाद रिटायर्ड जस्टिस राम अवतार सिंह को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। सदस्यों में चोब सिंह वर्मा, महेंद्र कुमार, संतोष विश्वकर्मा और ब्रजेश सोनी को शामिल किया गया। ये आयोग राज्यपाल की सहमति से 6 महीने के लिए गठित किया गया था। आयोग को रिपोर्ट सबमिट करने के लिए छह महीने का समय दिया गया था।

समय से पहले आयोग ने सीएम को दी रिपोर्ट

31 दिसंबर को आयोग ने पहली कॉन्फ्रेंस की थी। आयोग के सदस्यों ने कहा था कि यह लंबा काम है और रिपोर्ट तैयार होने में 31 मार्च का समय लग सकता है। इस टीम ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए 75 जिलों का दौरा किया। हालांकि बीच में आयोग का यह बयान सामने आया था कि रिपोर्ट फरवरी के अंत तक तैयार हो जाएगी। आयोग ने अब सीएम योगी को रिपोर्ट दे दी है।

हाईकोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट के बाद चुनाव कराने का दिया था आदेश

मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव पहले जनवरी में ही कराया जाना था। इसको लेकर नगर विकास विभाग ने अंतिम आरक्षण की सूची जारी कर दी थी। हालांकि इसके खिलाफ कई पक्ष हाईकोर्ट पहुंच गए। हाईकोर्ट ने रैपिड टेस्ट के आधार पर आरक्षण को सही न मानते हुए ट्रिपल टेस्ट कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव हों। जबकि सरकार ने कहा कि आरक्षण लागू करने के बाद चुनाव कराएंगे।

नगर निगम, नगर पालिका का कार्यकाल खत्म

हालांकि इस बीच लखनऊ नगर निगम, कानपुर नगर निगम समेत तमाम नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो गया। 2023 में होने वाले नगर निकाय चुनाव में 17 नगर निगम, 200 नगरपालिका परिषद और 517 नगर पंचायत में चुनाव कराया जाना है। जबकि 2017 में 16 नगर निगम, 198 नगर पालिका परिषद और 438 नगर पंचायत में चुनाव हुआ था। ऐसे में म्यूनिसिपल इलेक्शन को लेकर सरगर्मी फिर बढ़ती नजर आ रही है। सपा के रुख से ऐसी आशंका भी है कि कहीं आरक्षण सूची जारी होने के बाद ये मामला दोबारा अदालत न पहुंच जाए।

लोगों को जाति तथा धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही: पवार

नासिक (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को दावा किया कि लोगों को जाति तथा धर्म के आधार पर बांटने की कोशिशें की जा रही हैं तथा सत्तारूढ़ नेता लोगों की समस्या सुलझाने के बजाय ''मंदिर की राजनीति'' कर उनका ध्यान भटकाने की कोशिश में लगे हैं। उत्तरी महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवार ने मुंबई में कपड़ा मिल के मराठी भाषी मजदूरों की दुर्दशा के लिए मौजूदा केंद्र सरकार की आर्थिक नीति को जिम्मेदार ठहराया। पवार ने सरकार पर श्रमिक संघों को कमजोर करने की कोशिश करने तथा उन्हें उस पर निर्भर बनाने का आरोप लगाया और देश में मजदूरों से अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए एकजुट होने की अपील की। अयोध्या दौरे पर गए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तीखा प्रहार करते हुए पवार ने कहा कि लोगों का असली समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए उन्हें मंदिर की राजनीति जैसे मुद्दों में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वह हिंद मजदूर सभा के स्थापना दिवस की प्लेटिनम जयंती के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

सीएम योगी ने 2791 करोड़ की 1058 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के कार्यक्रम को किया संबोधित

जाति के नाम पर बांटने वाले संकट के समय भाग जाते हैं

महाराजगंज/लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महाराजगंज के जीएसवीएस इंटर कॉलेज के मैदान से नगर निकाय चुनाव को धार दी। सीएम योगी ने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि सभी संस्थाओं में एक ही विचारधारा की सरकार होने से विकास की योजनाओं को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर बांटने वाले संकट के समय भाग जाते हैं। ऐसे लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं और जनता को कुछ नहीं देते हैं। वहीं पिछले छह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार ने बिना भेद भाव के गांव,

गरीब, किसान, नौजवान, महिला और समाज के प्रत्येक तबके तक विकास की योजनाओं को पहुंचाया है।

सीएम योगी ने यहाँ रविवार को 2791 करोड़ की 1058 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और फिर लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और किसी भी तरह के अन्य वेरिफिकेशन के लिए हम प्रदेश के सभी नगर निकायों को ऑनलाइन कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार नगर निकायों में एक तरह की स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, अच्छी सड़कें, जल निकासी के लिए नाली सहित अन्य कई तरह की योजनाओं पर कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि आज विकास की परियोजनाएं बताती हैं कि अब उत्तर प्रदेश में जाति, मत और मजहब के आधार पर बंटवारा नहीं किया जा सकता है। आज उत्तर प्रदेश में शासन की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाने की एक मिशनरी खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष हमारी सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 54 लाख गरीब परिवारों को एक-एक आवास उपलब्ध कराया है। 2.61 लाख परिवारों को एक-एक शौचालय दिया है। 1.55 लाख गरीब परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने में हम सफल रहे हैं। हमारी सरकार पिछले तीन वर्ष से उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी का युवा अपनी पहचान छुपाता था। आज उत्तर प्रदेश का नौजवान अपनी पहचान का मोहताज नहीं है। वह गर्व से देश के किसी भी राज्य में जाकर अपनी पहचान को बता सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी की स्पेशल सेल्फी

तमिलनाडु में भाजपा के दिव्यांग कार्यकर्ता की खुद फोटो ली, कहा-

मुझे इन पर गर्व है

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में भाजपा के दिव्यांग कार्यकर्ता थिरु एस मणिकंदन से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मणिकंदन के साथ सेल्फी भी ली। इस सेल्फी को मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया और मणिकंदन को पार्टी का एक गौरवांवित कार्यकर्ता बताया। पीएम ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर इस सेल्फी को शेयर करते हुए लिखा- एक विशेष सेल्फी... चेन्नई में मैं थिरु एस मणिकंदन से मिला। वह इरोड के एक गौरवशाली कार्यकर्ता हैं, जो बूथ अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह एक दिव्यांग व्यक्ति हैं जो अपनी दुकान चलाते हैं।

अतीक अहमद की पत्नी के खिलाफ हुई एफआईआर

बेटों की मुश्किलें भी बढ़ी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उमेश पाल हत्याकांड में जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद के परिवार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, बेटे अली और शूटर शाबिर के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। ये एफआईआर धूमनगंज थाने में लिखी गई है। माना जा रहा है कि ये एफआईआर उमेश पाल हत्याकांड मामले में रिमांड पर लिए गए आरोपी राकेश उर्फ नाकेश उर्फ लाला से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के बाद की गई है। प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड मामले में माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, बेटे अली, एक अन्य व्यक्ति मोहम्मद साबिर, राकेश उर्फ नाकेश उर्फ लाला और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रयागराज पुलिस की मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 24 फरवरी, 2023 को उमेश पाल और दो पुलिसकर्मियों की हत्या के संबंध में धूमनगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी की विवेचना के दौरान अभियुक्त राकेश उर्फ नाकेश उर्फ लाला को पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

दिल्ली के एलजी का इशारों में केजरीवाल पर तंज: कहा-

आईआईटी करके भी कुछ लोग अशिक्षित

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के उपराज्यपाल (स्न) वीके सक्सेना ने रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि आईआईटी की डिग्री लेकर भी कुछ लोग अशिक्षित रह जाते हैं। स्न का बयान ऐसे समय में आया है जब केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। स्न सक्सेना से सवाल किया गया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रधानमंत्री की डिग्री पर लगातार सवाल उठा रही है। इस पर सक्सेना बोले- हां मैंने भी सुना है कि विधानसभा में कुछ बातें कही गई हैं, लेकिन अपनी डिग्री पर कभी किसी को गुमान नहीं करना चाहिए। डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं। शिक्षा वही है, जो इंसान

का ज्ञान दर्शाती है। भाजपा ने एक दिन पहले ही दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों के फेल होने और कम नंबर आने का मामला उठाया था।

इस पर केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा- अगर कुछ बच्चे पढ़ाई में कमजोर रह गए तो हम एक्स्ट्रा क्लास लगाकर उन्हें पढ़ाएंगे। इन्ही बच्चों में से कोई भविष्य में देश का पीएम बनेगा। हम नहीं चाहते कि भविष्य में कोई फर्जी डिग्री लेकर प्रधानमंत्री बने।

एलीजी वीके सक्सेना के बयान पर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिन द्बढ्ढञ्ज के नाम पर भारतीय बच्चे दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों में सीईओ बने हुए हैं। जिनके ब्रांड ने देश का नाम रोशन किया है, उन आईआईटीएस पर एलजी सवाल उठा रहे हैं। जिनके नेता के पास डिग्री नहीं, उनके पास और कोई चारा नहीं। स्न भी अपनी डिग्री दिखाएं। आतिशी ने कहा- आम आदमी पार्टी आज से डिग्री दिखाओ कैंपेन शुरू कर रही है, जिसमें हर रोज आप के नेता अपनी डिग्री देश के सामने रखेंगे। मेरे पास 3 डिग्री है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमए, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से सेकेंड मास्टर्स।

पंजाब में हुई निहंगों के बीच हिंसा

खूनी संघर्ष में कटा एक का हाथ, पीजीआई हुआ रेफर

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब के चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर दो निहंगों के बीच रविवार को हिंसक झड़प हो गई है। इस दौरान एक निहंग सिख ने तलवार से दूसरे निहंग सिख पर हमला कर दिया। इस हमले में एक निहंग बुरी तरह से घायल हुआ है। निहंग की बाई कलाई पर गहरा घाव लगा है, जिसके बाद उसे चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के लिए भेजा गया है। बता दें कि दोनों निहंगों के बीच लड़ाई उस समय हुई जब सजा पूरी कर चुके सिखों की रिहाई को लेकर कौमी इंसाफ मोर्चा का प्रदर्शन चल रहा था। संगठन के जिन सदस्यों की सजा पूरी हो गई है

उसकी रिहाई की मांग की जा रही थी। इस दौरान दो निहंगों में कहासुनी हुई और बात इतनी बढ़ी की एक निहंग ने दूसरे पर हमला कर दिया। बता दें कि इस हिंसक झड़प में कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर भी है। जानकारी के मुताबिक जिस समय से हमला हुआ उस समय प्रदर्शन में कई निहंग उपस्थित थे।

कोरोना का वार दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र में नए केस घटे, देश में हर 10 लाख लोगों में सिर्फ 2 को कोरोना

बीते 24 घंटे में कोरोना के 5357 केस, 11 मौतें

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना 5,357 नए केस सामने आए हैं, जबकि 11 लोगों की मौत हुई है। एक दिन पहले के मुकाबले देश में कोरोना के नए केस में 12 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। शनिवार को 6155 नए केस सामने आए थे। शनिवार को केरल में 1,800, दिल्ली में 535 और महाराष्ट्र में 542 मामले सामने आए। इन तीनों ही राज्यों में कोरोना मामलों में कमी आई है। एक दिन पहले केरल में 1900, महाराष्ट्र में 926 और दिल्ली में 733 मामले सामने आए थे। उधर, वैश्विक स्तर पर देखें तो हमारी स्थिति अमेरिका, फ्रांस समेत देशों से काफी अच्छी है। ourworldindata.org पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक, भारत में हर

10 लाख लोगों में से सिर्फ दो को ही कोरोना है। वहीं, न्यूजीलैंड में हर 10 लाख लोगों में से 293, फ्रांस में 126, साउथ कोरिया में 163, अमेरिका में 75 और ब्रिटेन में 46 लोगों को कोरोना है। ये आंकड़े 6 अप्रैल तक के डेटा पर आधारित हैं।

पांच राज्यों में दो-तिहाई नए केस

केरल: यहां 1,758 नए केस मिले, जबकि दो लोगों की मौत हुई। 711 लोग ठीक भी हुए। यहां बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

महाराष्ट्र: शनिवार को यहां 542 नए केस मिले, 668 लोग ठीक हुए जबकि 1 व्यक्ति की मौत हुई। शुक्रवार को यहां 926 नए केस मिले थे। यहां पॉजिटिविटी रेट 8.15 प्रतिशत है।

दिल्ली: यहां बीते दिन 535 नए मामले सामने आए और 2 लोगों की मौत हुई, जबकि 634 लोग इस बीमारी से ठीक हुए। एक्टिव केस 2,232 हो गए हैं। यहां पॉजिटिविटी रेट 23.05 प्रतिशत है।

हरियाणा: यहां शनिवार को 399 नए केस सामने आए और 187 लोग ठीक हुए। फिलहाल राज्य में 1,536 एक्टिव केस हैं। यहां पॉजिटिविटी रेट 6.91 प्रतिशत हो गया है। यहां भी मास्क अनिवार्य कर दिया गया है।

तमिलनाडु: यहां बीते दिन 329 नए केस मिले और 156 लोग ठीक हुए। गुरुवार को यहां 303 नए केस मिले थे। यहां पॉजिटिविटी रेट 7.57 प्रतिशत है।

ओंकारेश्वर बांध से पानी छूटा, 20 श्रद्धालु फंसे

लोगों के रोकने पर भी नहाने गए, नाव वालों ने रस्सी के सहारे निकाला

खंडवा (एजेंसी)। बांध पर बनी ओंकारेश्वर विद्युत परियोजना के चार टर्बाइन चल रहे थे। इन्हीं टर्बाइन से रविवार सुबह नर्मदा में एक-एक घंटे के अंतराल से पानी छोड़ा गया था।

ओंकारेश्वर तीर्थ में रविवार सुबह नौ बजे नर्मदा नदी में नहाने गए 20 से ज्यादा श्रद्धालु लहरों में फंस गए। उन्होंने नदी के बीच में एक चट्टान को पकड़ लिया। यह सब देख नाव वाले बोट लेकर नदी उनके पास पहुंचे और लाइफ जैकेट पहनाकर रस्सी के सहारे महज 15 से 20 मिनट में ही बाहर निकाल लिया।

बांध पर बनी ओंकारेश्वर विद्युत परियोजना के चार टर्बाइन चल रहे थे। इन्हीं टर्बाइन से रविवार सुबह नर्मदा में एक-एक घंटे के अंतराल से पानी छोड़ा जाना था। इसके लिए बांध प्रशासन ने पानी छोड़ने से पहले सायरन बजाकर लोगों को नदी में न उतरने के लिए कहा। इसके बावजूद 20 से ज्यादा श्रद्धालु नदी में नहाने उतर गए। लोग आवाज देकर उन्हें रोकते रहे, लेकिन वे नहीं माने।

घबराए और चिल्लाने लगे लोग

नहाते-नहाते वे नदी में आगे बढ़ गए। अचानक नदी में पानी बढ़ने लगा, इससे वे घबरा गए और मदद के लिए चिल्लाने लगे। नदी में फंसे लोगों ने अलग-अलग चट्टानें पकड़ ली। उनकी चीख-पुकार सुनकर नदी किनारे खड़े नाविक अपनी बोट लेकर नदी में पहुंचे। तेज धार में वे नदी में कूद और रस्सियों के सहारे उन्हें बोट पर चढ़ाकर लाइफ जैकेट पहनाएं और 4-4 का ग्रुप बनाकर उन्हें बाहर निकाला। पुलिस ने बताया- नदी की धार में फंसने वालों में 14 युवाओं का एक ग्रुप महाराष्ट्र से आया था।

आम जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूल गई भाजपा सरकारः गोप

समृद्धि न्यूज। बाराबंकी

▸ राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि हर जाति व धर्म के लोगों को साथ जोड़कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य, हर बूथ पर हर बिरादरी हर धर्म के लोगों का बराबर समावेश होगा तभी हम अपने लक्ष्य को पाने में सफल होंगे।

मौजूदा सरकार आम जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूल चुकी है पर हम समाजवादी लोग सरकार को आम जनता की समस्याएं एवं सरकार की जनता के प्रति क्या जिम्मेदारी है इस की याद दिलाते रहेंगे और जब तक जन समस्याएं समाप्त नहीं होगी हम समाजवादी चुप नहीं बैठेंगे।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पूर्व प्रमुख नन्हे सिंह यादव की अध्यक्षता एवं निवर्तमान जिला सचिव पवन वर्मा के संचालन में में विधानसभा जैदपुर के ग्राम सभा मुरलीगंज मे आकाश विश्वकर्मा द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में व्यक्त किए। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि हर जाति व धर्म के लोगों को साथ जोड़कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य, हर बूथ पर हर बिरादरी हर धर्म के लोगों का बराबर समावेश होगा तभी हम अपने लक्ष्य को पाने में सफल होंगे। पार्टी में बूथ पर संघर्ष करने वाला ही सबसे महत्वपूर्ण है सच माने में पार्टी का बड़ा नेता यही है इन्हीं की मेहनत और संघर्ष के बलबूते सरकारें बनती और बिगड़ती हैं हमारे बूथ नेताओं का सम्मान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है आने वाला निकाय चुनाव हो या 2024 का लोकसभा चुनाव सब में इन बूथ नेताओं का ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है हमारे नेता अखिलेश यादव का बिल्कुल साफ स्पष्ट दिशानिर्देश है हमारे बूथ कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान होना चाहिए और जो नेता संघर्ष मे साथ निभाने वाले साथी का सम्मान नहीं करता।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले ही आकाश विश्वकर्मा और उनकी टीम के द्वारा जैतपुर रोड प्रमुख अतिथि का ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए सैकड़ों मोटरसाइकिल के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल तक ले गए उसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि का 51 किलो की माला से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व प्रमुख नन्हे सिंह यादव, कार्यक्रम आयोजक आकाश विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा पप्पू, अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ति, पूर्व प्रदेश सचिव राजेश यादव बबलू, पूर्व जैतपुर चेयरमैन रियाज अहमद, प्रमुख हसमत अली गुड्डू, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला सचिव पवन वर्मा, लल्ला यादव, संतोष रावत, आनंद वर्मा पूर्व प्रधान, महमूद आलम, संजय वर्मा, इंद्रपाल यादव, ज्वाला प्रसाद विश्वकर्मा प्रधान, राकेश वर्मा, चंद्रशेखर रावत पूर्व प्रधान, मुरारी लाल शर्मा, कमल शर्मा, रामशंकर, कृष्ण कुमार शर्मा, कृष्णानंद विश्वकर्मा, पुत्ती लाल विश्वकर्मा, कमलेश चंद्र, आनंद वर्मा, गणेश वर्मा, रंजीत वर्मा, लालजी वर्मा आदि तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता व भारी संख्या में ग्रामवासी माताएं बहने उपस्थित रही।

मोटे अनाज की जागरूकता के लिए किसान मोर्चा ने आयोजित की संगोष्ठी

सिद्धौर बाराबंकी। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा रविवार को देवीगंज मण्डल में मोटे अनाज पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । किसान मोर्चा देवीगंज मण्डल के उपाध्यक्ष निर्मल मिश्र के गैरिया स्थित आवास पर आयोजित इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी रहे । कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।अपने संबोधन में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने मोटे अनाज पर किसानों को जागरूक किया ।उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने का काम कर रही है ।मोटे अनाज की बुआई की खातिर सरकार किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध करवा रही है । संगोष्ठी में मण्डल अध्यक्ष राकेश लोधी उपाध्यक्ष पंकज सिंह महामंत्री पंकज तिवारी अंजनी शुक्ला किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष देवीगंज सुरेश वर्मा महामंत्री आशुतोष नरायन बक्स सिंह और मनोदत्त पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, आधा दर्जन किसानों की फसल जलकर खाक

मसौली बाराबंकी। रविवार की दोपहर ईचौलिया गाँव मे संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से आधा दर्जन से अधिक किसानों की करीब आठ बीघे गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयीं। सूचना पर पहुँची फायर बिग्रेड की गा ?ी ने ग्रामीणों की मदद से आग को काबू किया। आग की सूचना पर पहुँचे हल्का लेखपाल ने नष्ट हुई फसल का आँकलन करते हुए तहसील प्रशासन को रिपोर्ट सौप दी हैं। रविवार की दोपहर करीब दो बजे ग्राम ईचौलिया में उस समय अफरातफरी मच गयीं जब हाड़तोड़ मेहनत कर तैयार की गयीं किसानों की गेहूं की लहलहाती फसलो से आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। ईचौलिया निवासी जन्नतुल पत्नी पीरगुलाम के खेत से शुरू हुई आग की लपटें देखते ही देखते इकराम पुत्र पीरगुलाम, रहमती पत्नी मोहर्रम अली, रिजवान, इरफान पुत्रगण मोहर्रम अली, रमापति , उमापति पुत्रगण रामसूचित, रामविलास पुत्र मिश्रीलाल के खेतों को अपने आगोश में ले लिया। खेतो में पककर तैयार गेहूं की फसलों को बचाने के लिए ट्रैक्टरो का सहारा लिया और फायर बिग्रेड को सूचना देकर स्वयं आग के बुझाने में जुट गये करीब 1 घण्टे की मेहनत से फायर बिग्रेड की गाड़ीने आग को काबू में किया । इससे पूर्व सभी किसानों की करीब आठ बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। मौके पर पहुँचे हल्का लेखपाल प्रहलाद तिवारी ने ग्राम प्रधान गुरसरन के साथ मौके का जायजा लेते हुए नष्ट हुई फसल का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

जिला महिला अस्पताल में बांटे फल और बेबी किट

बाराबंकी। आनंदी प्रकल्प सरकारी अस्पताल में प्रसव कराए,बेटी होने पर खुशी मनाएं, जागो री जागो के आयोजन में लगातार छठे माह जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं को प्रकल्प संयोजक चन्द्र प्रकाशप्रकाश एवं संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार पटेल अध्यक्ष भारत सेवा संस्थान, सुनील कुमार वर्मा उर्फ राजन, डा0 बीरेंद्र पटेल, निदेशक,आस्था अस्पताल, डा0 रामा नंद सिंह, प्रताप सिंह वर्मा,अभिषेक सोनी, आनंद रस्तोगी , प्रभात वर्मा , शैलेन्द्र ,चन्द्र किशोर वर्मा प्रबंधक श्री गंगा मेमोरियल डिग्री कालेज के नेतृत्व एवम अस्पताल अधीक्षक डाश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डाशकिशोर के स्नेहिल सानिध्य में सभी भर्ती महिलाओं को सेब,केला, संतरा,ब्रेड, बिस्कुट व सूखा दूध पैकेट तथा न्यूली जन्मी कन्याओं को अलग से मैट्रेस, कंबल, डायपर, एक ड्रेस, दूध पिलाने वाली बोतल, नहाने का साबुन, हैंड वाश लिक्विड एवं मास्क युक्त बेबी हाइजिन किट का उनके बेडो पर वितरण प्रिंसिपल सेठ एम.आर.जयपुरिया स्कूल भारती मनकानी,प्रिंसिपल जे. आर.एजुकेशनल एकेडेमी मानसी यादव ने छात्राओ के साथ तथा जागो री जागो वालेंटियर रेखा, किरण, मोहिनी , सीमा श्रीवास्तव, पारुल, नेहा, शालिनी आदि द्वारा उपहार स्वरूप भेंट कर स्वयं भी सेवा भावना का आनंद उठाया । इस अवसर पर समस्त सेवाभावी छात्राओ को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

अडानी के फर्जीवाड़े में पीएम की चुप्पी अद्भुत-सुमन

बाराबंकी। अडानी के फर्जीवाडे में बीस हजार करोड किसके है पर मोदी की चुप्पी अद्भुत है और डिग्री पर छिड़े संग्राम पर डिग्री न दिखाना और लफ्फाजी करना लोकतंत्रात्मक व्यवस्था को खतरे की तरह ले जाता है।यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कौंसिल की बैठक को संबोधित करते हुए राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि चौदह अप्रैल से पन्द्रह मई तक भाजपा हटाओ . देश बचाओ के नारे के साथ जनपद में जगह . जगह जन सभाएं की जाएगी। पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि किसानों को उनके उत्पादों का मूल्य नहीं मिल पा रहा है मोदी राज में महाराष्ट्र के प्याज के दाम एक रुपये किलो है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि संघ नियंत्रित और प्रशिक्षित भाजपा सरकार को हटाए बगैर इस देश का भला नहीं होगा।किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि बेमौसम ओलावृष्टि और बरसात के कारण किसान बर्बाद हो गया है मदद के नाम पर सरकार ध्यान भटकाने के लिए बुल्डोजर का गीत गाया जा रहा है।किसान नेता शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि मोदी और योगी किसान समस्याओं को हल करने के बजाय गलत बयानी कर रहे हैं।बैठक में मो कदीर अमर सिंह जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैया रामनरेश वर्मा दीपक वर्मा प्रमेन्द्र कुमार उमेश लाला रामसिंह आशीष व मिथिलेश कुमार आदि प्रमुख लोग शामिल थे ।बैठक की अध्यक्षता किसान के महामंत्री गिरीश चंद ने किया।

अवधी आमजन की भाषा रही है और आज भी हैः प्रदीप सारंग

बाराबंकी। अवधी आमजन की भाषा रही है और आज भी है। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना अवधी में की तो काशिमशाह दरियाबादी, मलिक मुहम्मद जायसी ने अवधी में प्रेमाख्यान लिखकर अवधी को समृद्ध किया है। उक्त विचार प्रदीप सारंग, नव-निर्वाचित सचिव नेपाल-भारत अवधी परिषद ने हजाराबाग स्थित गुलजार फाउंडेशन कार्यालय में आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में व्यक्त किए। श्री सारंग ने यह भी कहा कि दोनों देशों के साहित्यकार भारतीय साहित्यकारों के साथ मिलकर साझा कार्यक्रम आयोजित कर मैत्री संबंधों को और मजबूती देना चाहते हैं।समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 विनयदास साहित्य समीक्षक ने कहा कि नेपाल-भारत अवधी परिषद के गठन से दोनों देशों के बीच साझा कार्यक्रमों के माध्यम से मैत्री संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। साहित्यकार इकबाल राही ने अंतरराष्ट्रीय संगठन के सचिव निर्वाचित होने पर श्री सारंग को बधाई दी। गीतकार डॉ कुमार पुष्पेंद्र के संचालन में संपन्न अभिनंदन समारोह को डॉ0 बलराम वर्मा, गुलजार बानो, डॉ0 राम सुरेश, सदानंद वर्मा, अब्दुल खालिक, रमेश चन्द्र रावत, गुलजार बानो, रेखा वर्मा, नीता वर्मा ने संबोधित किया।गुलजार बानो द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम के अंत में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू, पंकज वर्मा कंवल, इकबाल राही, गीतकार लता श्रीवास्तव, युवा कवि साहब नारायण शर्मा, हिमांशु वर्मा ने काव्य पाठ किया। अंत में गुलजार फाउंडेशन की सचिव एडवोकेट गुलज़ार बानो ने सभी का आभार व्यक्त किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर भाजपाईयों ने किया जोरदार स्वागत

समृद्धि न्यूज। बाराबंकी

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार बाराबंकी पहुंचे कमलेश मिश्रा का भाजपाइयों ने रविवार को जोरदार स्वागत किया।जिला कार्यालय पर आहूत की बैठक में सभी दायित्वधारियों का परिचय कराया गया।जनसंघ के संस्थापक द्वय के चित्र पर पुष्पार्चन एवम दीप प्रज्वलन से बैठक की शुरुआत हुई।अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आरएसएस एवम् जनसंघ की स्थापना से लेकर भाजपा तक की यात्रा की कठिनाइयों से रूबरू कराया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में संस्कृति के साथ समृद्धि का भी सूर्य उदय हो रहा है।कहा 80 के दशक में आतंकवादी हमलों के बाद सरकारें केवल कैंडल मार्च तक ही सीमित रहती थी,जबकि मोदी सरकार में उरी और पुलवामा हमलों के बाद पड़ोसी देश में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक में भारतीय सेनाओं का पराक्रम देखा देश वासियों ने देखा है। मोदी शासन काल में देश वासियों का आत्मविश्वास बढ़ा है।उन्होंने बूथ सशक्तिकरण अभियान,पन्ना प्रमुख,पेज प्रमुख के साथ डाउनलोड किए गए व्हाट्स ऐप ग्रुप,सरल ऐप की बिंदुवार समीक्षा की जिले की सभी नगरीय सीटों की भौगोलिक,सामाजिक एवम् अन्य पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की। जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश ने स्वागत किया।प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा , सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन संदीप गुप्ता ने किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व विधायक शरद अवस्थी, हरगोविंद सिंह,अजीत प्रताप सिंह,संतोष सिंह, विजय आनंद बाजपेई, अरविंद मौर्य, शील रत्न मिहिर, गुरुशरण लोधी,रामेश्वरी त्रिवेदी,रचना श्रीवास्तव,प्रमोद तिवारी,रोहित सिंह,मनोज वर्मा,डॉक्टर हरिनाम वर्मा,अलका मिश्रा,अंजू चंद्रा सहित सभी मंडल अध्यक्ष,पदाधिकारी एवम निकाय संयोजक मौजूद रहे।

अनारक्षित सीट से प्रत्याशी चयन को लेकर सपा नेता के घर हुई बैठक

समृद्धि न्यूज। बाराबंकी

आगामी नगर पंचायत के चुनाव में नगर की अनारक्षित सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर सपा नेता वेद प्रकाश बाजपेई की अगुवाई में नगर स्थित वरिष्ठ सपा नेता विज्ञान मिश्रा के आवास पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की गई जिसमें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से इस अनारक्षित सीट पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को टिकट देने की मांग की गई इस मौके पर सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी में समा नगर के के कार्यकर्ताओं के इतिहास में मौजूद दिखी है पार्टी नेता द्वारा इनकी भावनाओं का ख्याल रखा जाना चाहिए क्योंकि जब से नगर पंचायत हैदरगढ़ का गठन हुआ तब से आज तक समाजवादी पार्टी को अध्यक्ष पद पर विजय श्री हासिल नहीं हो पाई है यदि सामान्य वर्ग के पार्टी कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जाता है तो यहां पर प्रत्याशी की जीत हो सकती है उन्होंने कहा कि एक ही पार्टी सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर कार्यकर्ताओं की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी प्रबुद्ध सभा के जिला अध्यक्ष महंत ज्ञान दास मिश्रा प्रबुद्ध सभा के प्रदेश सचिव वेद प्रकाश बाजपेई प्रधान आनंद कुमार सिंह अलगू, पंकज यादव, राजनीतिक विश्लेषक ओपी यादव प्रमिला सिंह यादव ब्रजेश मिश्रा महेंद्र सिंह राजेश शुक्ल राममिलन रावत मोहनलाल रावत राजू श्रीवास्तव आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष की सीट पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को टिकट देने की मांग की। इस मौके पर प्रमुख रूप से तेज कुमार रावत राजेश वर्मा सत्यम सिंह गुड्डू मिश्रा दुर्गेश तिवारी राहुल मिश्रा मोहनलाल रावत सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सपा कार्यालय पर हुआ रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन।

समृद्धि न्यूज। अयोध्या

समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर रविवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व महानगर/अयोध्या विधानसभा के तत्वावधान में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि रमजान माह वह पवित्र माह है जिसमें रोजेदार सहनशीलता का परिचय देते हैं जिससे मानवता की सीख मिलती है।उन्होंने कहा कि रमजान माह में रोजेदारों का मन और मस्तिष्क पवित्र रहता है।इस मौके पर आये हुए सभी रोजेदारों मुस्लिम धर्मगुरुओं शहर के संभ्रांत नागरिकों,पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश और प्रदेश में भाईचारा और अमन चैन की दुआ मांगी।इस मौके पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि इफ्तार पार्टी में सभी धर्मों के लोग शिरकत करते हैं।इससे सभी धर्मों में आपसी सौहार्द बनता है। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम व उपाध्यक्ष श्री चंद यादव ने आए हुए सभी रोजेदारों और मुस्लिम धर्म गुरुओं का खैर मकदम और स्वागत किया। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया रोजा इफ्तार पार्टी मे शामिल होने वालों को मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिवपूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद,जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्री चंद यादव,जिला महासचिव बख्तियार खान मोहम्मद हलीम पप्पू,जाकिर हुसैन पाशा,वसी हैदर गुड्डू, मोहम्मद सुहैल,मंसूर प्रधान, पंकज पांडेय,शाहबाज लकी, पार्षद फरीद कुरेशी,रिजवान हसनैन,नौशाद राईन,मोहम्मद सादिक बाबू,राम भवन यादव, राम अजोर यादव राम प्रताप यादव,अरावनी पासवान,विशाल पाल,संजीव सिंह,अंशु सिंह, आसिफ चांद,असलम पठान, राशिद सलीम घोसी आकिब खान अजय विश्वकर्मा अखिलेश यादव संटी तिवारी व उमेश यादव,आदि लोग उपस्थित रहे।

स्व बीपी मंडल की मनाई जाएगी 13 अप्रैल को 42 वीं पुण्यतिथि

गोला गोरखपुर। नगर पंचायत गोला में सपा कैंप कार्यालय पर विधानसभा चिल्लूपार क्षेत्र के सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें 13 अप्रैल को महान समाजवादी नेता पुर्व मुख्य मंत्री बिहार स्व बीपी मंडल की धूमधाम से पुण्यतिथि मनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि नगर निकाय चुनाव प्रभारी मिर्जा कादिर वेग पूर्व जिला सचिव हरेंद्र यादव निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष राजेश यादव वरिष्ठ सपा नेता कन्हैया लाल उरुवा बाजार के चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी सचिन कुमार निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव के द्वारा 13 अप्रैल को सामाजिक न्याय को पिछड़े वर्गों के हितों के लिए कानूनी स्वरूप में रिपोर्ट देने वाले महान समाजवादी नेता पुर्व मुख्य मंत्री बिहार स्व बीपी मंडल की 42 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री वेग ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता रामप्रसाद शर्मा संतोष तिवारी अमरजीत यादव भीम यादव रणधीर यादव चंद्रमणि विश्वकर्मा अनूप यादव श्रीकांत यादव प्रदीप यादव इम्तियाज अहमद एजाज अहमद श्रीराम यादव पूर्व नगर अध्यक्ष मुन्ना हाशमी सहित अधिक संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

युवा पत्रकार रूपेश कुमार के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने दो मिनट मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए किया प्रार्थना

समृद्धि न्यूज। बाराबंकी

गोरखपुर के तेजतर्रार हंसमुख स्वभाव के युवा पत्रकार साथी रूपेश के आकस्मिक निधन पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में पत्रकारों ने मृत पत्रकार स्व॰ रुपेश जी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।बताते चलें पत्रकार साथी रुपेश जी लगभग 15 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करते रहे हैं।8-9 तारीख की देर रात अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां 9 तारीख की तड़के सुबह उनका देहांत हो गया है।इस मौके पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में पत्रकार साथियों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए। इस मौके पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी, महामंत्री मनोज यादव,कार्यकारणी सदस्य संजय कुमार, अंगद कुमार प्रजापति, पूर्व संयुक्त मंत्री धनेश कुमार निषाद,प्रेमचंद चौहान,विवेक कुमार अस्थाना,संतोष सिंह, सिद्धार्थ श्रीवास्तव,विवेक कुमार, पंकज विश्वकर्मा, विनीत कुमार, सिकंदर यादव, गोविंद कुशवाहा, जितेंद्र यादव, दामोदर उपाध्याय, आनंद चौधरी, प्रवीण कुशवाहा, मनोज कुमार गुप्ता, राम गोपाल द्विवेदी, अखिलेश पांडे सहित तमाम पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

दुगाना गांव की प्रतीक्षा त्रिपाठी ने एसडीएम बनकर रोशन किया गांजर का नाम

समृद्धि न्यूज। सीतापुर

विकासखंड सकरन क्षेत्र के दुगाना गांव निवासी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने एसडीएम बनकर रोशन किया जिले व गांजर क्षेत्र का नाम जनपद की लहरपुर तहसील के अन्तर्गत सकरन थाना क्षेत्र के दुगाना गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक रामप्रसाद की सबसे छोटी बेटी प्रतीक्षा त्रिपाठी का चयन एसडीएम पद पर होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है पांच बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटी प्रतीक्षा ने कक्षा एक से आठ तक की पढाई अपने पिता के विद्यालय श्री चन्द्रभाल सरस्वती शिशु मंदिर दुगाना में की उसके बाद हाई स्कूल जुगुल किशोर इंटर कालेज लहरपुर से किया तथा इंटर बाल निकुंज इंटर कालेज लखनऊ से किया बीएससी सेक्रेट हार्ड डिग्री कालेज सीतापुर से की बीएससी में टाप होने के कारण वर्ष 2016 में तत्कालीन राज्यपाल रामनाइक ने गोल्डमेडल देकर प्रतीक्षा को सम्मानित किया था एएमएससी फर्रूखाबाद से की थी उसके बाद वर्ष 2020 में इनका चयन आरएफओ के पद पर हो गया था लेकिन उन्होने अपनी पढाई व तैय्यारी जारी रखी शुक्रवार को घोषित परिणाम में प्रतीक्षा का चयन एसडीएम पद पर हुआ जिसमें इन्होने 20 वीं रैंक हासिल की प्रतीक्षा अपनी इस सफलता के पीछे अपने माता-पिता मित्र मधुसूदन गुप्ता व टीचर कुमार अमित का श्रेय देती है प्रतीक्षा के एसडीएम पद पर चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है

साधन सहकारी समिति लिमिटेड भिनैनी के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

बिसवां सीतापुर। साधन सहकारी समिति लिमिटेड भिनैनी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को रविवार को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर समर्थकों ने सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित साधन सहकारी समिति लिमिटेड भिनैनी की अध्यक्ष प्रिया सिंह पत्नी सोमेश सिंह, उपाध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह, समेत संचालक मंडल के प्रकाश मिश्र राहुल, करुणा निधि मौर्य, कौशल वर्मा, नंदरानी, रामनरेश, कमलेश, हीरालाल को शपथ ग्रहण कराई गयी। मुख्यातिथि व सचिव अवधेश वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रिया सिंह ने कहा कि हम सब किसानो के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। इससे पहले विशिष्ट अतिथि पंकज गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर रोहित शुक्ला, रवि प्रकाश ललित दीक्षित, सुमेन कुमार आदि मौजूद रहे।

भिटौरा बाजार के पास लगा राम मनोहर लोहिया द्वार क्षति ग्रस्त किसी समय हो सकती बड़ी घटना

बिसवां, सीतापुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बिसवा महमूदाबाद मार्ग के भिटौरा बाजार के सामने पूर्व विधायक रामपाल यादव द्वारा लगाया गया द्वार क्षति ग्रस्त होने से किसी समय बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकता है। जानकारी के अनुसार बिसवा महमूदाबाद मार्ग के भिटौरा बाजार के पास पूर्व विधायक रामपाल यादव ने सपा शासन काल में डाक्टर राममनोहर लोहिया द्वार का निर्माण करवाया था जिसका एक पोल मुर्चा लगाने के कारण किसी समय टूट कर मुख्य मार्ग पर गिर सकता है जिससे इस रोड पर निकलने वालो तथा भिटौरा बाजार में आने वालो के साथ किसी बड़ी घटना घट सकती हैं मगर प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नही हे क्षेत्रीय जनता द्वारा इसे तत्काल संज्ञान में लेकर सही करवाने की मांग की है ।

हम अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर है जनता के बीच: भूपेंद्र चौधरी

समृद्धि न्यूज़ लखनऊ

यूपी निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन, कार्यकर्ता, मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री अपने विषयों को लेकर जनता के संपर्क में रहते हैं। हम अपनी बात अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच में रखते हैं। जो काम हमारी सरकारों ने किए हैं वह काम जनता को बताने का अधिकार है।केवल चुनाव की दृष्टि से नहीं बल्कि लगातार जनता से संपर्क संवाद कर हम अपने रिपोर्ट कार्ड के साथ उनके बीच में रहते हैं। बीजेपी कार्यकर्ता की लोगों के अच्छे में बुरे में दुख दर्द में उपस्थित रहती है।जनता ने हमें इतना आशीर्वाद दिया है, हमारे मुख्यमंत्री लगातार अलग-अलग जगहों पर जाकर शिलान्यास और लोकार्पण कर रहे हैं।केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की पूरी सरकार हमारी जनता के बीच में है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा, हमारी नगर निकाय के चुनाव की पूरी तैयारी है।संगठन की दृष्टि से तैयारी पूरी है। आरक्षण की अंतिम सूचना जारी होगी और आयोग चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। हम अपने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को पूरा करके जनता के बीच में जाएंगे। हमारी सरकारों ने जो काम किए इन सब कामों के हम चर्चा कर रहे हैं। जैसे ही नामांकन शुरू होंगे निश्चित समय अवधि में हम अपने उम्मीदवार घोषित कर देंगे।सभासद, मेयर, चेयरमैन घोषित करके जनता के बीच जाएंगे। अखिलेश यादव के ट्वीट पर भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि समाज में जिस प्रकार की परिस्थिति है हमें अपने काम की अच्छाई गिनाने का अधिकार है। मुख्यमंत्री ने अच्छे काम गिनाए हैं। किस प्रकार आजमगढ़ में आजमगढ़ की छवि बनी थी। जितनी आतंकवादी घटनाएं होती थी, देश विरोधी कोई गतिविधि होती थी, उसमें कोई न कोई आजमगढ़ के लोगों के नाम आता था। आजमगढ़ की जो छवि थी उसे यूपी की सरकार ने बदलने का काम किया।सपा की चुनावी तैयारी और मुकाबले पर कहा कि चुनाव हमेशा पूरी तैयारी के साथ एक चुनौती के रूप में लेना चाहिए।बीजेपी इसे लेती भी है। हम कोई कोताही नहीं बरत रहे। पूरी तैयारी के साथ अपने सभी संगठन के पदाधिकारी को हमने काम बांट रखे है। अपने सरकार के पूरे रिपोर्ट कार्ड के साथ हम जनता के बीच में जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की लगातार हमारी सक्रियता बनी हुई है। 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक हमारे अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं।सामाजिक न्याय सप्ताह मना रहे हैं। चौधरी ने कहा कि भगवान राम सबके हैं और हमारी सरकार हम लोग अपने धार्मिक त्योहार भी पूरी आस्था, पूरे सम्मान के साथ मनाते हैं। यह हमारा अधिकार है। शिंदे जी की आस्था है भगवान श्रीराम में तो वह भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए आए हैं। उनका स्वागत है। हमारी सरकारें अपनी आस्था परंपरा और संस्कृति के आधार पर आगे बढ़ रही हैं।

जन आंदोलनों, कार्यक्रमों, गतिविधियों की निगरानी के लिये कांग्रेस मुख्यालय में कंट्रोल रूम का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़ लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने ''जय भारत सत्याग्रह'' अभियान के तहत आयोजित होने वाले जन आंदोलनों, कार्यक्रमों, गतिविधियों की निगरानी हेतु आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री

नकुल दुबे की मौजूदगी में कंट्रोल रूम का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कंट्रोल रूम उद्घाटन के उपरांत 17 सदस्यीय टीम के साथ बैठक करते हुए कहा कि ''जय भारत सत्याग्रह अभियान'' के तहत मोदी सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार जैसी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किये जा रहे धरना प्रदर्शन, मशाल जुलूस तथा ज्वलंत मुद्दों पर प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजना आदि कार्यक्रमों को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए अत्यंत गंभीर है। जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि एआईसीसी के निर्देश पर राज्यवार कंट्रोल रूम स्थापित करने का मकसद प्रदेशों की समस्त जिलाध्यक्ष इकाइयों, सभी फ्रंटल संगठनों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे आंदोलनों, कार्यक्रमों इत्यादि गतिविधियों की निगरानी कर रिपोर्ट तैयार करना और एआईसीसी को प्रेषित करना है। राज्य स्तर पर स्थापित उ0प्र0 कांग्रेस कंट्रोल रूम में पूर्व विधायक इंदल रावत, वीरेन्द्र मदान, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, ओंकारनाथ सिंह, वीरेन्द्र प्रताप नारायण पाण्डेय, बृजेन्द्र सिंह, शाहनवाज मंगल, सिद्धी श्री, प्रज्ञा सिंह, विक्रम पाण्डेय, संजय मौर्या, रेहान अहमद खान, विजय बहादुर, शहाना सिद्दीकी, अमित श्रीवास्तव, सुशील बाल्मीकि, सुभाष पाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर अनुशासन समिति चेयरमैन, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह डीपी, नईम सिद्दीकी, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, दिलीप शर्मा, एआईसीसी सदस्य प्रभाकर मिश्रा, मेहताब जायसी, फरहाना आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

बाबा साहब के विचारों के पोस्टर जारी

लखनऊ। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने बाबा साहब के विचारों के पोस्टर जारी किए हैं। समिति के सदस्यों ने रविवार को बैठक कर यह फैसला किया है। इसमें तय किया गया है कि उनके विचारों के पोस्टर से लोग जागरूक होंगे। उसके बाद 14 अप्रैल उनकी जयंती पर निशुल्क संविधान का वितरण किया जाएगा। इसके लिए संविधान की कॉपी मंगा ली गई है। समिति के संयोजक अवधेश वर्मा ने बताया कि गोमती नगर में बाबा साहब स्मारक पर 13 अप्रैल से कार्यक्रम शुरू होंगे। बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। यह कार्यक्रम 14 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान भारत के संविधान का निशुल्क वितरण शुरू किया जाएगा। पूरे प्रदेश में बाबा साहब के अनुयायियों के घरों में पर पोस्टर लगाए जाएंगे। जिससे बाबा साहब के विचारों का प्रचार प्रसार हो सके। निशुल्क संविधान वितरण का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब द्वारा बनाई गई संवैधानिक व्यवस्था के बारे में ज्यादा से ज्यादा आरक्षण समर्थकों को जानकारी देना है। इससे वह बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक फैलाएं संघर्ष समिति संयोजक मंडल की तरफसे बाबा साहब की जयंती से पूरे प्रदेश में भारत के संविधान का निशुल्क वितरण शुरू किया जाएगा। पूरे साल भर निशुल्क रूप से गांव-गांव घर-घर में वितरण किया जाएगा।

खबरें एक नजर में

नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव आज, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव करेंगे उद्घाटन

लखनऊ। केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव कल 10 अप्रैल को लखनऊ में नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव का उद्घाटन करेंगे। उत्तर प्रदेश वन विभाग की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ.अरुण कुमार सक्सेना, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण विभाग की सचिव लीना नन्दन और उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है।

केन्द्रीय कार्यालय ज्ञाप के अनुसार शिक्षक और कार्मिकों को मिले पेंशन लाभ

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप 03 मार्च, 2023 के क्रम में उत्तर प्रदेश में भी 28 मार्च, 2003 से पूर्व रिक्त पदों हेतु जारी नोटिफिकेशन, विज्ञापन के आधर पर नियुक्ति शिक्षकों,कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने की मांग की है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि उ.प्र. में वर्ष 2018 में कर्मचारियों और शिक्षकों द्वारा किये गये समेकित आन्दोलनों के बाद पुरानी पेंशन व्यवस्था हेतु एक उच्च समिति मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्कालीन मुख्य सचिव अनूप चन्द्र पाण्डे जी द्वारा बनाई गई थी उसमें पीएफआरडीए के अधिकारी भी नामित किये गये थे। इसकी 02 माह बैठकें चली। समिति सदस्य अविनीश अवस्थी एवं परिषद के अध्यक्ष होने के नाते हरिकिशोर तिवारी दिल्ली पीएफआरडीए के शीर्ष अधिकारियों से वार्ता करने भेजा गया। इस दौरान 10 प्रतिशत की जगह 14 प्रतिशत अंश सरकार द्वारा डालने एवं 10 हजार करोड़ रुपये कर्मचारियों के खाते में वापस जमा करने के निर्देश दिये गये थे। अब भारत सरकार के पेंशन विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 57/05/2021-पी एण्ड पीडब्लू बी दिनांक 03 मार्च 2023 द्वारा नई अंशदान पेंशन योजना की अधिसूचना 22 दिसम्बर .2003 से पूर्व अधिसूचित,विज्ञापित रिक्तिया,पदों के साथ नियुक्ति कार्मिकों को 01. जनवरी 2004 से पूर्व प्रभावी पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित होने का अवसर प्रदान किया है। परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने इस आधार पर पेंशन के मुद्दे पर पीएफआरडीए की केन्द्रीय कार्मिकों को दिये गये तयशुदा हितलाभ का अनुसरण करते हुये उ.प्र. के सम्बन्धित 28. मार्च .2005 से पूर्व अधिसूचित,विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष नियुक्त समस्त कर्मचारियों,शिक्षकों को 01 अप्रैल 2005 से पूर्व प्रभावी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

बीकेटी में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार,चार दिन में उखड़ने लगीं गिट्टियां

लखनऊ। बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट एक और सड़क चढ़ गई है। घटिया सामग्री से बनी सड़क पर चार दिन बाद ही गड्ढे होने लगे। निर्माण में धांधली को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है। उनका कहना है कि लगभग दस साल बाद सड़क का निर्माण हुआ है, लेकिन चार दिन में ही सड़क में जगह जगह से गिट्टियां उखड़ने लगी है। लोगों ने सड़क को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। बख्शी का तालाब क्षेत्र में नगर पंचायत कार्यालय के बगल से रुदही गांव जाने वाली सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। जहां सरकार करोड़ों रुपए का बजट सड़क निर्माण में व्यय करती है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा विभाग में सेटिंग करके निर्माण में धांधली कर घटिया सामग्री लगाते हैं। जिससे ये सड़कें जल्द ही जर्जर हो जाती है। नगर पंचायत बीकेटी में लगभग दस दिन पूर्व बड़ी बाजार (बीकेटी नगर पंचायत कार्यालय) से लेकर रुदही वार्ड संख्या 17 तक सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन चार दिन में सड़क पर जगह जगह गड्ढे व गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। क्षेत्रवासियों ने घटिया निर्माण की शिकायत बीकेटी नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा से की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इसे फिर से निर्माण कराया जायेगा, लेकिन अभी तक कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। सेवानिवृत्त सैनिक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत पर ईओ आयीं थीं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का निर्माण फिर से कराया जायेगा। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने कार्यदायी संस्था पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। कमीशनखोरी के चक्कर में ऐसे ही जनता के रुपयों की बर्बादी की जा रही है। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं कराया गया तो उच्चाधिकारियों से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे।

कमान अस्पताल में प्रसूति संबंधी आपात स्थितियों के प्रबंधन पर दो दिवसीय सीएनई का समापन

लखनऊ। प्रसूति संबंधी आपात स्थिति टूर डे वर्क स्टेशन के प्रबंधन पर कंटीन्यूइंग नर्सिंग एजुकेशन (सीएनई) के दूसरे दिन की शुरुआत डॉ चंद्रावती प्रोफेसर एमेरिटस प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, केजीएमयू, डॉ. मंजू शुक्ला, सेवानिवृत्त प्रोफेसर केजीएमयू, डॉ. फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया की प्रीति कुमार और जॉन हॉपकिंग प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन इन गायनोकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार डॉ. दिनेश सिंह, मेजर जनरल शक्ति वर्धन, एमजीमेडिकल, मध्य कमानऔर मेजर जनरल एक्स पी राव, कमांडेंट, कमानअस्पताल, मध्य कमान, लखनऊद्वारा दीप प्रज्वलित करकार्यशाला के उद्घाटन के साथ हुई।

निकाय चुनाव में दिल खोलकर खर्च करें प्रत्याशी

पिछले चुनाव की तुलना में बढ़ी चुनाव खर्च की सीमा

समृद्धि न्यूज़ लखनऊ

प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी दिल खोलकर चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 के की चुनाव तुलना में इस बार चुनाव खर्च की सीमा बढ़ गई है। इस बार राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव खर्च की सीमा बीते 30 न अगस्त 2022 में तय कर दी थी। इस सिलसिले में आदेश भी जारी हुए थे। इस आदेश के तहत ही इस बार प्रत्याशी चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 की तुलना में इस बार 80 से कम वार्ड वाले नगर निगमों में महापौर के प्रत्याशी अधिकतम 35 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे, जबकि पिछले चुनाव में अधिकतम खर्च सीमा 20 लाख थी। इसी तरह, इस बार 80 या इससे अधिक वार्ड वाले नगर निगमों के महापौर प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 में अधिकतम खर्च सीमा 25 लाख थी। इस बार के चुनाव में सभी तरह के नगर निगमों में पार्षदों के लिए अधिक खर्च सीमा तीन लाख निर्धारित है, जबकि यह वर्ष 2017 में यह दो लाख थी। इसी तरह, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अध्यक्षों की अधिकतम खर्च सीमा भी पिछले चुनाव से बढ़ गई है। इस बार 25 से 40 वार्ड वाले नगर पालिका परिषदों में अध्यक्षों के लिए अधिकतम चुनाव खर्च सीमा नौ लाख निर्धारित है, जबकि पिछले चुनाव में यह छह लाख थी। 41 से 55 वार्ड वाले नगर पालिका परिषद अध्यक्षों के लिए अधिकतम खर्च सीमा 12 लाख रुपये निर्धारित है। वर्ष 2017 में यह आठ लाख थी। नगर पालिका सदस्यों के लिए इस बार अधिक खर्च सीमा दो लाख निर्धारित है, पिछले चुनाव में यह डेढ़ लाख रुपये थी। चुनाव के तैयारी पूरी कर चुके राज्य निर्वाचन आयोग की नजर सीटों के आरक्षण को लेकर जारी होने वाली अंतिम सूची पर है। अंतिम सूची जारी होते हुए आयोग चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। आयोग के सूत्रों का कहना है कि शासन की ओर से आरक्षण की सूची एक-दो दिन में जारी होने की संभावना है। नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा इस बार डेढ़ लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपये निर्धारित की गई है, जबकि नगर पंचायत सदस्यों के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार की गई है।

अखिलेश ने सबसे ज्यादा किया दलितों का शोषण: नितिन

प्रभावी मतदाता सम्मेलन में पहुँचे नितिन अग्रवाल

समृद्धि न्यूज़ लखनऊ

प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने आज रविवार को कहा कि अखिलेश यादव ने दलितों का सबसे ज्यादा शोषण किया है। वह उन्हें क्या समाजवादी पार्टी से जोड़ पाएंगे। बीएनडी कालेज कानपुर में प्रभावी मतदाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नितिन अग्रवाल ने कहा कि अखिलेश यादव ने तो पिछड़ों के लिए भी कुछ नहीं किया। उन्होंने सिर्फ एक जाति के लोगों के लिए ही काम किया है। नितिन अग्रवाल ने कहा, सपा मुखिया अखिलेश यादव परिवारवाद सिर्फतुष्टिकरण की राजनीति करते रहे। 2017 के पहले गुंडे माफिया हावी थे और नेता माफिया का गठजोड़ था। समाजवादी पार्टी ने गुंडे और माफिया को राजनीतिक संरक्षण दिया। उन्हें खुली छूट दी गई कि किसी की भी जमीन कब्जा कर लें और हफ्ता वसूलें। प्रदेश में अराजकता का दौर था। बड़े पदों पर बैठे लोग ऐसे लोगों को संरक्षण दिए हुए थे और सीएम आवास में ऐसे लोग नीतियां बनाते थे। बुलडोजर चलने पर सबसे ज्यादा सपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है क्योंकि बुलडोजर अपराधियों पर चल रहा है। यह आगे भी चलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में परिवार में ही बैठकर पैसे की बंदरबांट कर ली जाती थी। पिछले छह वर्षों में उस दौर के तमाम सारे मंत्री जेलों में बंद हुए लेकिन भाजपा कार्यकाल के 6 वर्षों में कोई घोटाला नहीं हुआ। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाने के नाम पर विपक्ष एक हो रहा है। अगर ऐसा है तो जनता भी विपक्ष को हटाने का नारा देगी। इसके साथ ही व्यापारियों का आह्वान किया कि वे मोदी के साथ होने का नारा दें।कानपुर अग्निकांड के संबंध में नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की सरकार हर समय उनके साथ है और हर संभव मदद करेगी इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, नगर निगम चुनाव के सह प्रभारी रणवेन्द्र प्रताप सिंह धुन्नी, चुनाव संयोजक प्रकाश शर्मा, सुरेश अवस्थी, अनीता गुप्ता, वीरेश त्रिपाठी, अवधेश सोनकर आदि रहे।

ऐतिहासिक रहा विधि संकाय का नेशनल लॉ फेस्ट

समृद्धि न्यूज़ लखनऊ

लविवि के विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन एंड ड्राफ्टिंग सोसायटी द्वारा आयोजित नेशनल लॉ फेस्ट के तीसरे दिन क्लाइंट काउंसलिंग, मिडिएशन एवं अन्य विधाओं के फाइनल राउंड आयोजित किए गए। निर्णायक के रूप में उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जौहरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे, उन्होंने विधि संकाय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि संकाय देश में सबसे ज्यादा न्यायाधीश देने वाला संकाय है और ये गर्व का विषय है, उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से निकलने वाले सुझाव सरकार को भेजने की अवश्यकता भी है जिससे इन विचारों पर सकारात्मक दृष्टिकोण से अमल हो सके। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया, डीन प्रो. (डॉ.) बंशीधर सिंह ने बताया कि मिडिएशन प्रतियोगिता में विजेता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की टीम रही जिसके सदस्य चिरंतन पॉल, नवनीत अवस्थी, रितिक आनंद थे। डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की टीम दूसरे स्थान पर रही, जिसमें काव्या द्विवेदी विनायक तिवारी, के.एस. अरारतिक थे। जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के उज्ज्वलेश कुमार कश्यप बेस्ट काउंसिल रहे, बेस्ट मीडिएटर हिमांशी चौधरी एवं बेस्ट क्लाइंट हिमांशी नागर रहीं। प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए इस इवेंट में विशेष पुरस्कार की घोषणा की गई थी, जिसके अनुक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र वेदांत पांडे, रिया मिश्रा और अनन्या ओझा प्रथम रहे। क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता के विजेता डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के यशार्थ टंडन और अदिति सिंह रहे जबकि दूसरे स्थान पर लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम रही जिसके सदस्य साक्षी लोधी और अभिषेक कुमार थे। बेस्ट काउंसिल का पुरस्कार सोहम योले को जबकि बेस्ट क्लाइंट का पुरस्कार आयुष पांडे को मिला जो लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छात्र हैं, गौरी शुक्ला और संविदा रस्तोगी को प्रथम वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टीम के तौर पर चुना गया है। स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नेशनल लॉ फेस्ट विधि संकाय के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में बड़े कार्यक्रमों की राह खोलेगा इस अवसर पर प्रो. हरीश चंद्र राम, योग एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन के संकायध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार सोनकर, सोसायटी के प्रेसिडेंट तुषार, कन्वीनर स्वराज एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा नेता पर कसा तंज, कहा, सिर्फ एसी में बैठकर ट्वीट करना जानते हैं अखिलेश

समृद्धि न्यूज़ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को झांसी मेडिकल कॉलेज में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सिर्फ एसी में बैठकर ट्वीट करना जानते हैं। वह सड़क पर निकलकर देखें कि अब उत्तर प्रदेश का वातावरण बदल चुका है। बृजेश पाठक ने आगे कहा कि सपा की सरकार में लुच्चे, मवाली और गुंडे लोगों का उत्पीड़न करते थे। भाजपा सरकार में ऐसे लोग जेल में हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग होम के एजेंटों द्वारा मरीजों की सौदेबाजी करने के प्रकरण को लेकर उन्होंने कहा कि अब एक भी दलाल नहीं दिखेगा। जो भी ऐसे काम करते पकड़ा जाएगा, उनके खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई करेंगे। वहीं, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने डीएम और प्राचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि नर्सिंग होम के एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मरीजों की सौदेबाजी करने वाले नर्सिंग होम को चिन्हित करें। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बता दें कि अखिलेश यादव ने यूपी के स्वास्थ्य विभाग को लेकर एक ट्वीट किया था। जिसमें उन्होंने एक फोटो ट्वीट करते हुए लिखा था कि बीजेपी सरकार में यूपी के अस्पतालों में 'कुत्ते डोल' रहे हैं। क्या यही है भाजपाई राज में 'स्वच्छ भारत-स्वच्छ भारत' का अमृतकाल? वहीं, अब अखिलेश यादव के इस ट्वीट पर डिप्टी सीएम ने पलटवार किया ।

मोदी और योगी के नेतृत्व में अयोध्या में हो रहा है भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण: शिंदे

लखनऊ/अयोध्या समृद्धि न्यूज़

महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद रविवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे एकनाथ शिंदे का यहां भव्य स्वागत किया गया। शहर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि अयोध्या और श्री राम मंदिर हमारी आस्था का विषय है।यह न केवल हमारी भावनाओं से जुड़ी है बल्कि श्रद्धा और अस्मिता भी है।उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारे लिए आत्मीयता का विषय है।आज हमारे दिल में इसलिए खुशी की लहर है क्योंकि पांच सौ साल का इंतजार करने के बाद जो एक सपना लग रहा था,वह पूरा हो रहा है।श्री राम मंदिर का निर्माण हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के साथ हिंदू विचारधारा संगठन का सपना भी सपना था। उन्होंने बताया कि अयोध्या पहुंचने के बाद श्री राम जी का दर्शन करने के बाद उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति भी देखी है।श्री राम मंदिर निर्माण का काम इतनी तेजी से होगा,ऐसा कोई सोच भी नहीं सकता था।आज श्री राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है।शुरुआत में तो यह सपना लग रहा था लेकिन तमाम राम भक्तों की आशारुपी इस सपने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम शुरू हुआ और अब निरंतर आगे बढ़ रहा है।जनवरी 2024 में वहां मूर्ति स्थापना भी होगी और इसके आगे भी काम चलता रहेगा।उन्होंने बताया कि दर्शन के दौरान उन्हें श्री राम मंदिर परिसर में एक कंपन का अनुभव हुआ है। श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य आगे बढ़ रहा है,यह हमारे लिए, और अधिक खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस काम में उनका सहयोग कर रहे हैं,उन्हीं की निगरानी में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमें धनुष बाण भी मिला है और पार्टी का नाम भी मिला है।मुख्यमंत्री बनने के बाद जब मैं शनिवार को लखनऊ पहुंचा तो वहां हमारा भव्य स्वागत किया गया और वहां से शुरू हुआ मेरे भव्य स्वागत का सिलसिला यहां तक जारी है।पहली बार मैं प्रभु श्री रामचंद्र जी का आशीर्वाद लेने अयोध्या पहुंचा हूं।सभी मेरे साथी मंत्री,विधायक और सांसद भी यहां मौजूद है?।आज का दिन मेरे जीवन में सबसे बड़ा सौभाग्य का दिन है??।यहां आज का दर्शन और आज की यात्रा,मैं जीवन में कभी नहीं भूल नहीं पाऊंगा।उन्होंने बताया कि इससे पहले भी मैं जब भी अयोध्या आता था तो नियोजन करने आता था लेकिन आज मेरे कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा का नियोजन किया है और यात्रा का नियोजन बहुत ही शानदार किया है।उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की पूरी सरकार अयोध्या में आई है हमारे उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी आए थे।यहां हम सभी यहां के संतों और महंतों का आशीर्वाद भी लेंगे।उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कई लोगों को इससे एलर्जी भी हुई है और दर्द भी हुआ है लेकिन हमारे ऊपर इसका कोई फर्क नहीं है क्योंकि अयोध्या में मेरा कोई राजनीतिक नाता नहीं है बल्कि आस्था और श्रद्धा का नाता है।

शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी के लिए अयोध्या कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है।यह हमारे लिए आस्था का विषय है।यहां पर जो विकास के कार्य हो रहे हैं उसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उनके मंत्रियों को भी धन्यवाद दूंगा। हमारे साथ देवेंद्र फडणवीस भी समय निकालकर अयोध्या आए हुए हैं जिसके लिए, मैं उनको भी धन्यवाद दूंगा।राम मंदिर बनने और यहां का विकास हो जाने के बाद यहां के लोगों को रोजी-रोटी भी मिलेगी।हमारी अयोध्या यात्रा आनंद देने वाली यात्रा है लेकिन कुछ लोग हैं जिनको तकलीफ होती है।कई लोगों को हिंदुत्व की एलर्जी रही है और वह होती भी रहेगी।

2014 में हिंदुत्व की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थिति में आई है समाज में एक जन जागरण हुआ सम्मान मिला

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आजादी के बाद भी जानबूझकर कुछ लोग हिंदुत्व का अपमान कर रहे थे और गलतफहमी फैला रहे थे।हिंदुत्व जीवन प्रणाली है हिंदुत्व सभी को साथ लेकर चलने वाली विचारधारा है और हिंदुत्व हमें भी प्रेरित है।उन्होंने कहा कि अन्य धर्मों का अनादर करने वाला नहीं है बल्कि सबको साथ लेकर चलने वाला है। 2014 में हिंदुत्व की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में आई तो समाज में एक जन जागरण हुआ और सम्मान मिला।हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की अयोध्या के बारे में जो विचारधारा थी और जो सोच थी इसी की वजह से वह कहते थे गर्व से कहो हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा कि शिवसेना और भाजपा की विचारधारा एक है। 2019 में लोगों को दिल में जो बात थी वह वही थी कि महाराष्ट्र में शिवसेना व भाजपा की सरकार बने इसीलिए, दोनों दल एक साथ चुनाव लड़े थे।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डीएम ने किया निरीक्षण

▸ मरीज़ों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

''यू.पी. सरकार का एक ही सपना, स्वस्थ स्वच्छ प्रदेश हो अपना'' की थीम पर जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले ''मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले'' की कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलौरा बासू में आयोजित स्वास्थ्य मेले का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा व मनरेगा के के.डी. गोस्वाती व बीडीओ मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, सीएचसी फखरपुर के अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएम डॉ. चन्द्र ने 05 मरीज़ों को आयुष किट का वितरण किया तथा गोल्डेन कार्ड बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले पंचायत सहायक प्रिंस वर्मा को 50 रूपए का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलौरा बासू में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आकस्मिक निरीक्षण कर मरीज़ों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं इत्यादि का जायज़ा लिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के समय तक ओपीडी में 22 मरीज़ों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवा इत्यादि का वितरण किया गया है। पैथालॉजी के माध्यम से कुल 20 जांचे की गई हैं। जिसमें सर्वाधिक 14 कोविड 03 मरीज एचआईवी सहित शेष अन्य की जांच की गई है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि पीएचसी अन्तर्गत 546 गोल्डेन कार्ड बना दिये गये हैं। अन्त्योदय के तहत 212 यूनिट के सापेक्ष 170 के कार्ड बना दिये गये हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि अवशेष पात्र लोगों के शीघ्र ही कार्ड बनवाएं। डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभिनव पहल के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इससे सभी ज़रूरतमन्द लोगों विशेषकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं व ऐसे मरीज़ों जो प्रायः सफ़र नहीं कर सकते हैं, को बहुत लाभ होगा। मेले के आयोजन से उन्हें स्थानीय स्तर पर इलाज व जांच के साथ-साथ सरकार द्वारा स्वास्थ्य व पोषण सेक्टर के लिए संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी प्राप्त हो रहा है।

डीएम ने लोगों से की अपील

डॉ. चन्द्र ने कहा कि ''यू.पी. सरकार का एक ही सपना, स्वस्थ स्वच्छ प्रदेश हो अपना'' की थीम पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में ओ.पी.डी. सेवाएं, टी.बी., मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाज़ार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बन्धित जानकारी, आवश्यक जॉच, उपचार एवं सन्दर्भन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। डीएम डॉ. चन्द्र ने लोगों से अपील की कि पात्रता रखने वाले सभी लोग अपना गोल्डेन कार्ड अवश्य बनवा लें ताकि आपको भी इनपैनल्ड हास्पिटल से 05 लाख तक इलाज की निःशुल्क सुविधा मिल सके। डीएम ने लोगों से अपील की कि दूसरे लोगों को भी मेले की जानकारी प्रदान करें ताकि सभी लोग आयोजन का भरपूर लाभ उठा सकें।

श्री बालाजी सरकार मंदिर में हुआ सुंदरकाण्ड पाठ एवं भंडारे का आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। जानकी नगर क्षेत्र में स्थित ग्राम पूरे ललक में स्थापित श्री बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने आयोजित किया भव्य सुंदरकांड पाठ और हुआ विशाल भंडारे का आयोजन अशोक शर्मा, राम ललित पांडे, राजकुमार श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव,अरुण श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव द्वारा की गई सुंदरकांड की प्रस्तुति सुनकर बैठे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए तत्पश्चात भगवान बालाजी सरकार की भव्य आरती के उपरांत हुआ विशाल भंडारे का आयोजन जिसमें मायाराम वर्मा, संतराम, विनोद श्रीवास्तव संरक्षक चित्रांश कल्याण समिति, अनिल श्रीवास्तव, विकास मनोहर, अशोक मिश्रा, विजित प्रेम श्रीवास्तव, मनीष, अतुल श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव, कैलाश ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

कठोर परिश्रम से हासिल करें मनचाहे मुकाम

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

यह बात बहराइच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एस के सिंह ने जैनस इनीशिएटिव्स के सृजन के 1 वर्ष पूरे होने पर बच्चों को संबोधित करते कहीं डॉ पंकज की सराहना करते हुए कहा कि लगभग डेढ़ सौ बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए अंग्रेजी मैथ एवं महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए निःशुल्क सिलाई का संचालन करना पुनीत कार्य है जो हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज इस कार्य को कर रहे हैं जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सर्जन के एक वर्ष होने पर कहा कि व्यक्तिगत विकास के तीन पहलू हैं- शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक । जबकि आप स्वचालित रूप से अपने मन और शरीर को बेहतर बनाने को प्राथमिकता दे सकते हैं, तीनों क्षेत्रों पर समान ध्यान देना आवश्यक है। जो इस कार्य को सृजन कर रहा है संस्था की सचिव डॉ दीप्ति सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है. सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशन द्विवेदी ने कहा कि कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी का कदम चूमती है। मुख्य अतिथि को डॉ पंकज श्रीवास्तव एवं डॉ दीप्ति सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह पुष्पगुच्छ अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया सृजन की संचालिका शालिनी श्रीवास्तव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया इसके साथ साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जैनस इनीशिएटिव्स के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया ओरिएंटेशन कार्यक्रम

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

सेंट जेवियर्स स्कूल मालवीय नगर के प्रांगण में अभिभावकों के लिए आज ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को उनके पाल्य के किशोरावस्था जैसे झंझावात काल में उनके सम्मुख आ रही समस्याओं तथा उसके निराकरण से संबंधित जानकारी मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ गिरजेश श्रीवास्तव द्वारा दी गई तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती जीन आनन्द ने अभिभावकों को बताया कि विद्यालय मे छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नृत्य, संगीत, गायन, खेल आदि जैसे पाठ्येतर गतिविधियों में बच्चों को निपुण किया जाता है। ताकि भविष्य में आगे चल कर सभी छात्र एव छात्राओं को अपनी पसंद और गुण के हिसाब से अपना करियर चुन सके। विद्यालय की इंचार्ज श्रीमती सोनिया जेम्स स्कूल से संबंधित अनेक नीतियों से भी उन्हें अवगत कराया गया। विद्यालय काउंसलर श्रीमती प्रेक्षा तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

फिर सुर्खियों में कन्हैयालाल इंटर कालेज की संपत्ति

▸ दो पक्ष हुए आमने सामने, टला बड़ा मामला

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित नगर कर्नलगंज में आज से करीब सात दशक पूर्व स्थापित हुए कन्हैया लाल इण्टर कालेज की सम्पत्ति को लेकर कई बार विवाद सामने आ चुका है। वहीं शनिवार को कालेज की संपत्ति एक बार फिर सुर्खियों में आ गई जहां दो पक्ष आमने सामने आ गये। फिलहाल मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई और उसके हस्तक्षेप से बड़ा विवाद टल गया जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

ताजा मामला शनिवार करीब शाम आठ बजे के आसपास एकाएक चर्चा में तब आ गया जब कस्बा कर्नलगंज अन्तर्गत गाड़ी बाजार मोहल्ले में खादी भंडार के पास एक दुकान के कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए और मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। गनीमत थी कि उसी वक्त मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई और उसके हस्तक्षेप से बड़ा विवाद टल गया। बताया गया कि कस्बे के एक सर्राफा व्यापारी द्वारा खादी भंडार के पास की एक दुकान में ताला लगाने के बाद पहले से किरायेदारी का दावा करने वाला पक्ष मामले में यह कहकर यह विरोध दर्ज कराने लगा कि लम्बे अरसे से वह उस दुकान का किरायेदार है। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों को मिलाकर मौके पर काफी लोग जुट गए। इतने में स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई व मामले की जानकारी की और दुकान से बाहर पड़े पुराने किरायेदार के समान को दुकान में रखवाकर दुकान की चाभी दोनों पक्षों की सहमति से नगर के व्यापारी अशोक सिंघानिया को सौंपी और दोनों पक्षों को पुलिस चौकी ले जाकर समझा बुझाकर किसी तरह विवाद को बढ़ने से रोका। फिलहाल कन्हैयालाल इंटर कालेज की सम्पत्ति को लेकर यह पहला विवाद नहीं है इसके पहले कभी कालेज दुकानों को खाली कराने के लिए तो कभी इंटर कालेज के खेल मैदान को लेकर मामला सुर्खियों में रहा है। जो भी हो शनिवार की यह घटना भी पूरे क्षेत्र में चर्चा का व्यापक विषय बनी हुई है।

खबरें एक नजर में

छेड़छाड़ से तंग महिला ने जहर खा कर आत्महत्या का किया प्रयास

धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज। धानेपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने छेड़छाड़ से तंग होकर जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। गम्भीर हालत में उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उस की हालत गम्भीर बनी हुई है। धाने पुर थाना क्षेत्र के रुद्र गढ़ नौसी गाँव के निवासी 25 वर्षीय तबसुम पत्नी सिराज अहमद ने रविवार के दिन जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर उस को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। तबसुम ने बताया कि उस का आदमी बाहर अहमदाबाद में रह कर नौकरी करता है। वही गांव के ही एक युवक उस को जबरन मोबाइल पर फोन कर के बात करने का दबाओ बनाता था। कई बार फोन किया करता था। रात में फोन किया करता था। फोन पर ही अशलील शब्दो का प्रयोग करता था। मना करने पर इस को ब्लैक मेल करने लगा। तबसुम ने बताया कि फोन करने की बात उस ने अपने पति सिराज से बताया था। सिराज ने बताया कि उस के खिलाफ थाने पर तहरीर दिया था। पुलिस ने कोई कार्यवाही नही किया।इस के बाद वह फिर बाहर चल गया। कुछ दिनों के बाद फिर घर आया। छेड़छाड़ से तंग होकर रविवार के दिन जहर खा लिया। हालत खराब होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना की तहरीर धानेपुर थाने पर दी गई है।

बच्चों के विवाद में पति पत्नी सहित तीन को पीटा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। वजीर गंज थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद को लेकर दम्पति सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के चौखट गांव के निवासी 40 वर्षिय ओमकार नाथ मिश्रा शनिवार की देर रात्रि में घर पर टीवी देख रहे थे। तभी वही बगल का एक युवक दारू पीकर घर मे घुस गया। उस ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। ओमकार को बचाने दौड़ी उस की पत्नी कंचन मिश्रा, रेनू मिश्रा पत्नी मनीष मिश्रा को मार पीट कर घायल कर दिया गया।ओमकार नाथ ने बताया कि बच्चों के विवाद को झगडा हुआ था। घटना की तहरीर दिया है। पुलिस ने मार पीट का मुकदमा दर्ज किया है।

मोगली पाठशाला से संवर रहा बच्चों का भविष्य

बहराइच, समृद्धि न्यूज। कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में वन विभाग और सामाजिक संगठनों के सहयोग से चलाई जा रही मोगली पाठशाला जंगल से सटे रिहायशी इलाकों में रहने वाले बच्चों की जिंदगी में तालीम की रोशनी ला रही है। अपनी तरह की इस अनूठी पाठशाला में बच्चों को प्रोजेक्टर, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल, टीवी स्क्रीन वगैरह पर दिलचस्प एवं मनोरंजक ढंग से आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। साथ ही उनकी निरंतर काउंसिलिंग कर उन्हें सामान्य शिक्षा के साथ जंगल एवं प्रकृति के महत्व, जंगल से उनके रिश्ते तथा जानवरों के बारे में बताते हुए जंगल से दोस्ती का पाठ पढ़ाया जा रहा है। रुडयार्ड किपलिंग के उपन्यास द जंगल बुक का पात्र मोगली जब 1990 के दशक में जापानी टीवी एनीमेशन सीरीज द जंगल बुक शोनेन मोगली में जीवंत होकर उभरा तो उसका किरदार लोगों में खूब मशहूर हुआ था। इस अनूठी पाठशाला के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) आकाशदीप वधावन ने रविवार को बताया, वन्य क्षेत्रों और उसके आस-पास बहुत से समुदाय रहते हैं जिनका जीवन जंगल पर निर्भर है और ये कहीं न कहीं हाशिए पर रह रहे समाज से आते हैं। अभ्यारण्य के मोतीपुर और बर्दिया क्षेत्र में संचालित दो मोगली स्कूलों में इन इलाकों के करीब 350 बच्चे अध्ययनरत हैं। अभी हम इसे एक ट्यूशन सेंटर की तरह संचालित कर रहे हैं। फिर भी हमारे यहां मोतीपुर में लगभग 150 और बर्दिया में करीब 200 बच्चे पढ़ने आते हैं।

साधन सहकारी समिति अध्यक्ष का हुआ शपथ ग्रहण

▸ नवनिर्वाचित दिहालदास मिश्र ने अपने पद और गोपिनीयता की ली शपथ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

साधन सहकारी समिति बालापुर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिहालदास मिश्र ने अपने पद और गोपिनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनुही अखिलेश कुमार पांडेय रहे। शपथ ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने किसानों को भरोसा दिलाया कि वे हर प्रकार की लड़ाई में किसानों के साथ है जिससे किसानों को लाभ मिले । खाद ,बीज अनाज के क्रय विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नही होगी इसका भी भरोसा दिलाते हुए अध्यक्ष ने कहा कि गोदाम तक सामान आसानी से पहुंच सके इसके लिए आवश्यक इंतजाम करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा । इस अवसर पर काफी संख्या में किसान भाजपा के कार्यकर्ता दीनानाथ मिश्र, आनंद शुक्ला बडकन्ने, साधू पांडेय, रविंद्र सिंह ,राम उजागर गोस्वामी उपाध्यक्ष, सहज राम शुक्ला, बछराज सिंह, राम सखर शुक्ल, अभिमन्यु सिंह, राजेंद्र प्रसाद तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

जिला अस्पताल के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर मारपीट

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला अस्पताल के सामने शनिवार रात को बाइक खड़ी करने को लेकर मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने मौके से दो लोगों को पकड़ा। इसके बाद दोनों का मेडिकल कराया है। अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। श्रावस्ती जनपद के सोनवा थाना क्षेत्र के सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम राम नगरा निवासी अतुल कुमार सिंह (18) पुत्र तरुण कुमार सिंह शनिवार को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने पहुंचे। इसी दौरान कोतवाली नगर के नीबाभारी गांव निवासी प्रिंस त्रिपाठी पुत्र राजित त्रिपाठी से विवाद होने लगा। मामला काफी बढ़ गया। मारपीट शुरू हो गई। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज विनय मिश्रा के साथ अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों का मेडिकल कराया गया है। साथ ही तहरीर मांगी गई है। तहरीर मिलने पर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जायेगा। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों के पैर में चोट लगी हुई है।

किसान पर आई मुसीबत, कटाई कर रखे गेहूं के ढेर में लगी आग

▸ आग लगने से 10 बीघा की फसल पूरी तरह से जलकर हुई राख

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम बस्थनवा निवासी एक किसान के खेत में लगे फसल की ढेर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से 10 बीघा की फसल पूरी तरह से राख हो गई। किसान ने थाने में तहरीर दी है। मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकाही बस्थनवा निवासी बिहारी पुत्र पुत्ती किसान हैं। बिहारी ने बताया कि गेहूं की फसल तैयार हो गई थी। जिस पर उन्होंने फसल की कटान कर उसका ढेर खेत में लगाया था। इसके बाद मड़ाई के लिए वाहन की तलाश कर रहा था, रविवार को गेहूं मड़ाई का कार्य होता। लेकिन इससे पूर्व ही शनिवार रात में अज्ञात कारणों से फसल के ढेर में आग लग गई। ऐसे में किसी द्वारा आग लगाए जाने की आशंका है। किसान के मुताबिक 10 बीघा फसल जल कर राख हो गई है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। पत्र मिलने पर जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

एसपी ने 49 पुलिस कर्मियों के बदले कार्यक्षेत्र

पुलिस लाइन के पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

बहराइच, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक ने देर रात को विभिन्न थानों के साथ पुलिस लाइन में तैनात 49 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए नई तैनाती दी है। इसमें विभिन्न थानों में तैनात उर्दू अनुवादक भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने शनिवार को जिले के विभिन्न थाने और पुलिस लाइन के 49 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए नई तैनाती दी है। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि इसमें 26 हेड कांस्टेबल, दो उर्दू अनुवादक और एक कंप्यूटर आपरेटर शामिल हैं। इसके अलावा 16 आरक्षी और दो महिला आरक्षी शामिल हैं। सभी को रविवार को संबंधित थाने पहुंच कर ड्यूटी ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं।

परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक मामलों की हुई काउंसिलिंग

▸ 03 परिवारों को बिखरने से बचाया, तथा करायी गई विदाई : शीला यादव

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन मे परिवार परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, डीपी सिंह ,अनुराधा श्रीवास्तव व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी विजयलक्ष्मी सिंह, निशा सिंह, राशि शुक्ला, किरन दुबे व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं, जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं, पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। इस रविवार 03 मामलों में पति-पत्नी उनके सगे संबंधियों को बुलाया गया था। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव व टीम के अथक प्रयास से 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया हैं व उनकी साथ-साथ में विदाई करायी गयी है। 03 प्रकरण में सुलह समझौता किया गया, जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुनः बुलाया गया है जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सकें। इस तरह से सुलह कराने से परिवारों को बिखरने से बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास का सराहनीय कार्य किया गया है।

जनता को मोटे अनाज के उपयोग और प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रोत्साहित

बहराइच, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जागरण अभियान संगोष्ठी का आयोजन नवाबगंज मंडल के ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा जितेन्द्र प्रताप सिंह , विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह एवं जिला प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र किसान मोर्चा गोपाल शरण सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक भीमसेन मिश्रा मंडल अध्यक्ष रुपईडीहा रहे। मुख्य वक्ता द्वारा श्री अन्न जागरण के अंतर्गत मोटे अनाज किस प्रकार से हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक एवं लाभदायक है, इस बारे में विस्तृत जानकारी और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी किसान भाइयों को दी और पदयात्रा कर जनता को मोटे अनाज के उपयोग और प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रूपईडीहा अजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नवाबगंज कमलेश वर्मा, जिला सोशल मीडिया किसान मोर्चा अभिषेक गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाठक, ललित त्रिपाठी, मंडल महामंत्री प्रहलाद वर्मा, विजय त्रिपाठी, बृज नरेश श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा दिनेश त्रिपाठी किसान मोर्चा मंडल महामंत्री कृष्णपाल वर्मा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा इंजीनियर आरके सिंह, शेर सिंह समाजसेवी शिवपूजन सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य अग्रवाल काली प्रसाद एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

राष्ट्र निर्माण में सक्रिय है संघ के स्वयंसेवक : डॉ. अवधेश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ जरवल में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जरवल खंड का शाखा संगम कार्यक्रम अट्ठैसा मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचारक डॉ अवधेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह अंकुश कुमार ने किया।

शाखा संगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में संस्कार का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है और यह संस्कार सर्वप्रथम परिवार के द्वारा आता है। संस्कारवान व्यक्ति के द्वारा ही राष्ट्र निर्माण संभव है। संघ की नियमित लगने वाली शाखा में विभिन्न कार्यक्रमों एवं खेलों के माध्यम से व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण देशभक्ति तथा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा केवल खेल का स्थान नहीं है अपितु राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान करने वाले योग्य नागरिकों को तैयार करने की साधनास्थली है ।

उन्होंने कहा कि संघ किसी का विरोधी नहीं अपितु संपूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज जीवन में संयुक्त परिवार के द्वारा संस्कार और प्रेरणा व्यक्ति को प्राप्त होती थी किंतु वर्तमान समय में संयुक्त परिवारों का विघटन सबसे बड़ी समस्या है, लोग एकल परिवार की ओर अग्रसर है इस कारण देश की भावी पीढ़ी, नौनिहालों को उचित संस्कार नहीं मिल पा रहे हैं,जिसके कारण परिवारों की स्थितियां खराब होती जा रही हैं, और तमाम समस्याएं पनप रही है। संघ के स्वयंसेवक कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से लगातार संयुक्त तथा संस्कारवान परिवार बने इसके लिए कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक बिना किसी भेदभाव के हिन्दवा सोदराः सर्वे, न हिंदूः पतितो भवेत्, मम दीक्षा हिंदू रक्षा, मम मन्त्रः समानता का भाव लेकर समरस समाज की स्थापना हेतु कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों की सक्रियता के कारण समाज को तोड़ने का कुचक्र रखने रचने वाली देश विरोधी शक्तियां भयभीत है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक 1 घंटे नियमित शाखा में 23 घंटा समाज में बिताते हैं इसलिए समाज के अंदर जो कुछ भी गतिविधियां चल रही हैं उस पर संघ के स्वयंसेवक की दृष्टि रहती है ।उन्होंने कहा कि जब कभी भी कोई दैवी आपदा या समस्याएं आती हैं तब संघ के स्वयंसेवक नर सेवा नारायण सेवा के भाव के साथ समाज के सभी बंधुओं के बीच पहुंचकर सेवा का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में जिला संघचालक कृष्णानंद, खंड संघचालक अवध बिहारी, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सह जिला धर्म जागरण प्रमुख प्रवीण सिंह ,खंड विस्तारक मनोज ,नगर कार्यवाह डॉ दीपक, खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख विष्णु खंड व्यवस्था प्रमुख रामनिवास नवीन सिंह, खंड कार्यवाह कैसरगंज विष्णु पाल, भाजपा जिला मंत्री संजय राव, भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, गोकुल प्रसाद, मुरलीधर आदि उपस्थित रहे।

गंभीर मामलों के प्रति संजीदा रहती हैं कलेक्टर माला श्रीवास्तव

- आकाशीय बिजली गिरने से हुई थी मौत पीड़ित परिवार को मिला 1 सप्ताह के अंदर मुआवजा
- सोशल मीडिया पर सक्रिय रहतीं हैं जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव



अभय सिंह

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। आकाशीय बिजली से हुई युवक की मौत को लेकर डीएम के आदेश पर तहशील प्रशासन ने दिलाया एक हफ्ते के अंदर मृतक के परिवार को चार लाख पचास हजार का मुआवजा दिया गया। जिले में होने वाली आकस्मिक घटनाओं को लेकर सक्रिय रहने वाली जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव के सराहनीय कार्य को लेकर जहां हर ओर चर्चा हो रही है। वहीं गम्भीर मामलो और मुद्दो पर स्वतः संज्ञान लेकर उन्हें न्याय देने का और दिलाने का काम कर रही हैं जानकारी के अनुसार बता दे कि रायबरेली के मिल एरिया थाना क्षेत्र के राही बाजार में बीते दिनों खेतों में काम करने के दौरान पप्पू व उसके परिवार पर आकाशीय बिजली कहर बनकर बरस पड़ी जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया घटना में लगभग चार लोग आकाशीय की चपेट में आ गए थे जिसने पप्पू व उसकी पत्नी व अन्य परिवार के कुल चार लोगों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था इस दौरान पप्पू की मौत हो गई, मामले की जानकारी जब मीडिया ने जिलाधिकारी को दी तो जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने तत्काल घटना को संज्ञान में लेते हुए सदर तहसील की उपजिलाधकारी को मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए एसडीएम के निर्देश पर तहसील से कानूनगो आरके सोनकर व लेखापाल को जिला अस्पताल के इमरजेंसी भेजा जहां तहसील के अधिकारियों ने जांच के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपी जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मृतक के परिवार को रुपए 4.50 लाख का मुआवजा दिलाने का काम किया जिलाधिकारी के इस तत्परता से किए गए सराहनीय को लेकर राही ग्राम वासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं हुई इस आकस्मिक घटना पर शोक संतृप्त व्यक्त किया है।

फिर शुरू हुआ दहशत का दौर, मिले कोरोना पॉजिटिव मरीज

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज कोरोना पॉजिटिव दो मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग समेत क्षेत्र में हड़कंप मच गया।वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के दर्जनों लोगों की जांच कर दवाएं वितरण किया।सलोन क्षेत्र के अलग-अलग दो गांव में दो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।कोरोना पॉजिटिव मिलने से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही डॉक्टरों की टीम गांव पहुंची साथ ही पॉजिटिव मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों की जांच किया और उन्हें दवाएं दी गई।ताकि गांव में और खतरा न बढ़े।टीम ने पॉजिटिव मिले मरीजों को होम आइसोलेट कराया गया और सावधानी बरतने की सलाह दी गई।वहीं अस्पताल में आने वाले लोगों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को बताया गया साथ ही मास्क लगाकर अस्पताल आने के लिए कहा जा रहा है ताकि कोरोना से बचा जा सके।



व्यापार मंडल ईकाई का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

- व्यापारी हितो की अनदेखी पर होगी आरपार की जंग : राहुल भदौरिया

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बेनीमाधवगंज में व्यापार मंडल की नवीन ईकाई का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें अतिथियों ने पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए व्यापारी हितो के लिये कार्य करने का संकल्प लिया।

ग्रामीण क्षेत्र के बेनीमाधवगंज में व्यापारियों ने एकता का परिचय देते हुए व्यापार मंडल का गठन किया। जिसके पदाधिकारियों का चैराहा स्थित विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लालगंज व्यापार मंडल के प्रभारी अनिल गुप्ता व नगर अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। जिसमें अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार बाजपेई, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र गुप्ता, महामंत्री पद पर अनीस अकरम, प्रचार मंत्री मनोज निर्मल को अतिथियों ने शपथ दिलाई।

इस मौके पर लालगंज नगर प्रभारी अनिल गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण आंचल के व्यापारियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके खिलाफ उन्हे आवाज उठाने के लिये कोई माध्यम भी नही मिल पाता है। बेनीमाधवगंज जैसे ग्रामीण इलाके में व्यापार मंडल का गठन व्यापारी एकता का प्रतीक है।

लालगंज नगर अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि अब दूर-दराज में व्यापार करने वाले व्यापारी का किसी भी कीमत पर शोषण नही किया जा सकेगा। व्यापार मंडल में शामिल छोटे-बडे व्यापारी में कोई भेदभाव नही किया जाता है। यह एक गैर-राजनैतिक गठबंधन है जो केवल व्यापारी हितो की बात करता है। श्री भदौरिया ने कहा कि यदि सुदूर क्षेत्र के किसी भी व्यापारी के खिलाफ बेवजह उत्पीडनात्मक कार्रवाई की गई तो व्यापार मंडल आरपार की लडाई लड़ेगा।

500 वर्षों से अपनी गौरव गाथा गा रहा बाबा मौनी दास का आश्रम

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। लगभग 500 वर्षों से अपनी गौरव गाथा पूरे सुखई का पुरवा महराजगंज में स्थित मौनी दास बाबा का आश्रम क्षेत्र के श्रद्धालु एवं भक्तों के लिए आस्था का मुख्य केंद्र है। वही मंदिर के मुख्य पुजारी बाबा धर्मदास ने बताया यह स्थान आज से 500 वर्ष पूर्व का है यहां पर बाबा मौनी दास ने मौन रहकर तपस्या की थी यह उनकी तपोस्थली है। यहां पर मुझसे पहले 9 पुजारी रह चुके हैं और या क्षेत्र ही नहीं जिलेभर में काफी प्रसिद्ध स्थान है ।हम लोग 108 बार रामचरितमानस के पाठ का संकल्प लिया है जिसमें करीब 66 बार हमने रामचरितमानस का पाठ करवाया है हर सप्ताह यहां पर रामचरितमानस के पाठ का आयोजन होता है। वर्ष में एक बार विशाल मेले एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है लोग आते हैं बाबा मौनी दास से जो भी मनौती मांगते हैं बाबा मौनी दास जरूर पूरा करते हैं।

खबरें एक नजर में

ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। केंद्र की मोदी सरकार तथा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में दलित, पिछड़े, शोषित, वंचित, गरीब, किसान, महिला व बुजुर्गो का उचित सम्मान और बिना किसी भेदभाव के एक समान लाभकारी योजनाओं का लाभ देने का काम किया जा रहा है, भा.ज.पा. में जातिवाद व परिवारवाद नही है, भाजपा में हीं संभव है की एक बूथ अध्यक्ष पार्टी का मण्डल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री बन सकता है जबकि कांग्रेस, सपा और बसपा में परिवारवाद, जातिवाद, चाटुकारितावाद चरम पर है। उक्त बातें यूपी0सी0एल0डी0एफ0 के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन व प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव पाल के साथ रायबरेली जिले के ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र में जगतपुर के मनोहरगंज में संगठनात्मक बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ता नीरज श्रीवास्तव व किसान मोर्चा के पदाधिकारी बब्लू चौधरी के आवास पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ व स्थानीय नागरिकों से भेंट के दौरान कही। इस अवसर पर राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, ऊंचाहार विधानसभा के बूथ सत्यापन प्रमुख व जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, हरचंदपुर विधानसभा के प्रभारी अभिलाष कौशल, विधानसभा संयोजक जितेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, विनायक प्रताप सिंह व अनुराग मिश्रा, ऊंचाहार विधानसभा मीडिया प्रभारी श्री बृजेन्द्र सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आगामी निकाय चुनाव को निष्पक्ष / सकुशल / शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें चुनाव सम्बन्धी अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगणों को चिन्हित व्यक्ति जिनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही लम्बित हो, को शीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया है। लाइसेंस धारकों से शस्त्र जमा कराने, चुनाव रजिस्टर का अभिलेखीकरण करने, चुनाव लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दंगा नियत्रंण उपकरणों की समीक्षा करते निर्देश दिये गये । साथ ही साथ मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुए ग्रामीण / संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ हुए आवश्यक दिशा- संगोष्ठी कर समन्वय स्थापित करने एवम शांति व्यवस्था बनाये रखने व थाना क्षेत्रान्तर्गत अराजक तत्वों/चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध निराधोत्मक करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही साथ महिला संबंधी अपराधों की समीक्षा करते हुए थानों पर बने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाली महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने तथा कार्यवाही का फीडबैक लेने के सम्बंध मे हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली, सभी क्षेत्राधिकारीगण, सभी थाना प्रभा जनपद की एण्टीरोमियों टीम /महिला हेल्प डेस्क प्रभारी तथा अन्य अधि0 / कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

बेटी की शादी में वर पक्ष के रिश्तेदार दे रहे पुत्र के अपहरण की धमकियां

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। पुत्री की शादी में वर पक्ष के रिश्तेदार व्यवधान कर रहे हैं। गाली, गलौज कर पुत्र का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महिया खास निवासी शिवकुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की शादी कालपी में तय की है। 14 तारीख को नगर के एक गेस्ट हाउस में बारात आनी है। लेकिन वर पक्ष के कुछ रिश्तेदार इस शादी से खुश नहीं हैं। वर पक्ष की भाभी हेमलता व उसके पिता विनोद कुमार उनके पास फोन कर आए दिन धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं शादी करने पर उनके पुत्र का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शादी को कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में वह काम काज में लगे हैं। लकिन रिश्तेदार परेशान कर रहे हैं। इतना ही नहीं उनकी धमकी से अप्रिय घटना का भी अंदेशा है। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले में आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मनचले ने की महिला से अश्लील हरकतें

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। पड़ोसी द्वारा महिला के साथ अश्लील हरकतें कर उसे जबरन खेतों की ओर ले जाने एवं महिला के विरोध करने व चिल्लाने पर गाली गलौज कर भाग जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी रिंकी पत्नी राहुल ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी सचिन की उसके प्रति भावनाएं ठीक नही है। आए दिन वह उसे देखकर अश्लील फब्तियां करता है। इतना ही नहीं भद्दी भद्दी गालियां भी देता है। पीड़िता का आरोप है कि वह गांव में किसी काम के चलते जा रही थी। तभी रास्ते में उक्त सचिन मिल गया और जबरन वह उसका हाथ पकड़कर उसे खींचकर खेतों की ओर ले जाने लगां जब उसने विरोध किया और चिल्लाया तो वह गाली, गलौज कर वहां से भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। प्राचीन काल से गौरवशाली गुरु-शिष्य संस्कृति को जीवंत रखते हुए राष्ट्र, समाज व शैक्षिक उन्नयन में अपना अमूल्य योगदान देने वाले, गत वर्षों में सेवानिवृत्त हुए रायबरेली जनपद के समस्त गुरुजनों का भव्य 卐अभिनंदन समारोह卐 का आयोजन उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रायबरेली द्वारा सूर्या होटल परिसर में किया गया ।जनपद स्तर पर पहली बार आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज पांडेय रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के पूर्व एमलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने की ।इस कार्यक्रम में बछरावां विकास क्षेत्र से लक्ष्मी नारायण चौधरी,उमाशंकर अवस्थी,राम सेवक,जगन्नाथ वर्मा,त्रिभुवन नाथ दीक्षित,विनोद कुमार श्रीवास्तव को भी माल्यार्पण,पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते है ।शिक्षक बच्चों की नींव मजबूत करने की अहम कड़ी होते है जिससे बच्चे आगे चलकर काबिल बनते हैं। एक निश्चित समयावधि तक विद्यालय में शिक्षण कार्य करने वाला अध्यापक समाज को शिक्षा देकर जीवनपर्यन्त कार्य करता रहता है। कहा कि अभी तक इन शिक्षकों के ऊपर सिर्फ बच्चों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी थी। किन्तु सेवानिवृत होने के बाद इनके ऊपर अब समाज की भी जिम्मेदारी बढ़ गई है।

एस. एम. सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

सरेनी कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एस एम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक भीम सिंह एवं प्रधानाचार्य मनजय सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा एलकेजी से आठ तक एवम 9 व 11में क्रमशः प्रतीक रुद्र शिवी अमन सौम्या अनन्या अनुज प्रतिज्ञा साक्षी अंशिका रौनक दिव्यांश वैष्णवी अंशप्रताप कुलदीप अंशिका प्रथम जबकि देवांश सत्यम सक्षम मयंक अतुल सूर्यप्रताप शालिनी सोनाक्षी श्लोक सोनम अर्पिता श्वेता आयुषी सोनिका आंचल अयान अंशुमान सौम्या द्वितीय तथा सरोज बेबी विनय कुमार सौरभ गरिमा आदि ने तृतीय स्थान हासिल किया।इस प्रकार सभी कक्षाओं से प्रथम दस स्थान हासिल करने वाले मेधावियों को विद्यालय परिवार द्वारा प्रगति पत्र के साथ मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए पीठाधीश्वर चौसटठी दंडी मठ श्री महंत श्री श्री 1008 दंडी स्वामी उर्फ पल्ली बाबा के आगमन पर विद्यालय परिवार एवं कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों व क्षेत्रीय लोगों द्वारा आदर सत्कार किया गया । प्रधानाचार्य मंजय सिंह ने कहा कि जो बच्चे पुरस्कार से वंचित रह गए हैं वह बिल्कुल भी मायूस ना हो बल्कि वर्तमान सत्र में कड़ी मेहनत करें ताकि आगामी समारोह में यह सम्मान उन्हें भी हासिल हो सके। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख अंजय सिंह ने नए शिक्षण सत्र में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों एवं अभिभावक साथियों से मिल रहे सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

शासन की नीतियों, निर्णयों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित : पाठक

- पात्र व्यक्ति योजना से बंचित नहीं रहना चाहिये इसका ध्यान रखें
- सामुदायिक शौचालयों में ताला बंद होने पर होगी कार्यवाही
- विद्युत महकमे को ओवर बिलिंग के मामले पर दी चेतावनी

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

रविवार को उप मुख्यमंत्री, उप्र सरकार ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिये अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्याओं का निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों, निर्णयों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनायें धरातल पर दिखाई दें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। योजना का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की हम सभी की जिम्मेदारी हैं, पात्र व्यक्ति योजना से बंचित नही रहना चाहिये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में ओवर बिलिंग नहीं होनी चाहिये, किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न किया जाये, फर्जी बिल मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में बनाये गये सामुदायिक शौचालयों का सदुपयोग हो ऐसा कदापि न मिले कि सामुदायिक शौचालयों पर ताला बन्द हो ऐसा होने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित पंचायत सचिव सामुदायिक शौचालयों पर पहुंचकर खुले है या बंद है इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराये। उन्होने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित रहे साथ ही यह भी सुनिश्चित रहे कि चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाई न लिखी जाये। उन्होंने उद्योग विभाग, बैंकर्स, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि विभागो की गहन समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा रामेन्द्र सिंह बनाजी, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) विशाल यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

चार निजी नलकूपों से चोर चुरा ले गये स्टार्टर

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। निजी 4 ट्यूबवेल से अज्ञात चोर स्टार्टर समेत ट्यूबवेल का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित किसानों ने चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी पंजाब सिंह, इंद्रपाल सिंह, राजेश नायक व पुष्पराज गुर्जर ने पुलिस को बताया कि उनके खेत में निजी ट्यूबवेल लगा हुआ है। उनके निजी ट्यूबवेल से अज्ञात चोर स्टार्टर समेत ट्यूबवेल का सामान चोरी कर ले गए हैं। रविवार की सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो स्टार्टर का बॉक्स टूटा हुआ था। बॉक्स टूटा देखने पर चोरी की जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो नाबालिग बालिकाओं को प्रेमी लेकर हुये रफूचक्कर

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

अलग अलग जगहों ने प्रेमियों द्वारा पुत्री को भगा ले जाने की शिकायत पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को मोहल्ले के ही हसीन ने बहला फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने बेटी को रोका कुछ दिनों तक तो ठीक रहा है। इसके बाद दोनों के बीच बात चालू हो गई। दो दिन पूर्व वह उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब उन्होंने बेटी के बारे में हसीन से जानकारी की तो उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आइंदा पूछने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। उधर, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी को बिरहरा गांव निवासी युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। शनिवार की रात से उनकी बेटी घर नहीं आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को उक्त युवक ही बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता ने पुलिस से उसकी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भारत माता के जयकारों के साथ नगर में निकाला पथ संचलन

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नगर के विभिन्न मार्गो से होकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान भारत माता के जयकारों का उदघोष भी किया गया।

पथ संचलन को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यकर्ता नगर के सरस्वती शिशु मंदिर पर एकत्र हुए। वहां से सायं 4 बजे आरएसएस के गणवेश में कार्यकर्ताओं द्वारा पथ संचलन शुरू हुआ। जो इलाहाबाद बैंक, झंडा चौराहा, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, पानी की टंकी, कांजी हाउस, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड, काली माता मंदिर रोड, एक्सिस बैंक से होकर पुनः सरस्वती शिशु मंदिर पर समाप्त हुआ। इस दौरान स्वयं सेवकों ने भारत माता की जय, वंदेमारत के नारे लगाए। वक्ताओं ने हिंदुत्व पर बल दिया। कहा कि भारती संस्कृति और सभ्यता के उत्थान के लिए युवा आगे आएं। राष्ट्र निर्माण में सभी आहुति दें। राष्ट्र निर्माण के लिए युवा संघ से जुड़े। पथ संचलन में प्रांत संघ चालक ज्ञानेंद्र सचान, सह जिला संघ चालक शिवराम महाजन, नगर संघ चालक अशोक कौशल, जिला प्रचारक शिवम, जिला कार्यवाह गौतम त्रिपाठी, प्रांत संयोजक इतिहास डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी, नगर कार्यवाह सीताराम हूंका, सह नगर कार्यवाह रामेंद्र गुप्ता, समरसता प्रमुख महेंद्र पाटकार, विद्यार्थी विस्तारक राजजी, सेवा प्रमुख रमाकांत, व्यवस्था प्रमुख शिवकुमार, राजेश वर्मा, केपी सिंह, आशीष सोनी, शशिकांत द्विवेदी, अभय सिंह, आदित्यभूषण तिवारी, अतुल हर्षे, देवेंद्र आचार्य, पुनीत मित्तल, कपिल सोनी, कैलाश पाटकार आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के साथ होगी मॉकड्रिल, कोविड की नई गाइडलाइन जारी : सीएमओ

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

कोविड के देश और राज्य में अचानक तेजी से बड़े मामलों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिलों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है और इसके अनुपालन के आदेश दिए गए हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को किया जाएगा और 11 और 12 अप्रैल को मॉकड्रिल की जाएगी। वहीं शासन द्वारा निर्देशों के क्रम समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रहीं हैं। यह जानकारी सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने दी। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि विगत कुछ दिनों में कोविड रोगियों की संख्या में तीव्र वृद्धि सूचित हुई है, जिसको देखते हुए आवश्यक है कि इस महामारी के प्रबंधन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जायें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जन सामान्य को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध कराई जा सकें। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त तैयारियां पूरी की जा रहीं हैं। वहीं उन्होंने यह भी अपील की कि कोविड प्रोटोकॉल का सभी पालन करें। खांसी, जुखाम, बुखार जैसे लक्षण दिखने पर तत्काल ही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड की जांच कराएं। किसी को भी डरने की आवश्यकता नहीं है अपने हाथों को लगातार धोते रहें, साथ ही सैनिटाइजर और मास्क का उपयोग करें। जिससे इस महामारी से बचा जा सके।

अब अवैध अस्पतालों, क्लीनिकों सहित भवन स्वामियों पर भी होगी कारवाई

जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर अवैध अस्पतालों और क्लीनिकों के संचालन की शिकायत मिल रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। सीएमओ द्वारा कारवाई के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि जिले में जो भी अवैध अस्पताल और क्लीनिक संचालित हैं उन्हें लेकर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई को तैयार है। साथ ही उन्होंने यह भी अपील कि अवैध अस्पताल और क्लिनिक संचालक स्वयं ही इसे बंद कर दें, अन्यथा उन पर विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन भवनों में कोई भी अस्पताल या क्लीनिक चल रहा है। उनके भवन स्वामी अपने किराएदार क्लीनिक, नर्सिंग होम, हॉस्पिटल संचालक से इस बात की पुष्टि कर लें कि उनके द्वारा क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराया गया है या नहीं? अगर कराया गया है तो उसकी छाया प्रति अवश्य लें और उसके बाद ही अपने भवन में क्लीनिक, नर्सिंग होम या हॉस्पिटल को संचालित होने दें। अगर किसी भी भवन में अवैध अस्पताल या अवैध क्लीनिक संचालित मिलता है तो टीम द्वारा अस्पताल और संचालक सहित भवन स्वामियों पर भी कारवाई की जाएगी।

पुलिस ने किया मोबाइल लूट की घटना का खुलासा, 2 गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। मौसम में परिवर्तन के साथ ही मच्छरों ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। फॉगिंग न होने से मच्छर दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। लोगों ने नगर में फॉगिंग मशीन चलवाने की मांग नगर पालिका ईओ से की है। मौसम में परिवर्तन के साथ ही मौसम में गर्माहट शुरू हो चुकी है। मौसम परिवर्तन के चलते मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इन दिनों लोग मच्छर के डंक से परेशान हैं। हालात यह है कि रात में ही नहीं बल्कि दिन के उजाले में भी मच्छर काट रहे हैं। वहीं, शाम के बाद लोगों को घर में रहना मुश्किल हो गया है। लोग मच्छर से बचने के लिए तरह तरह के मच्छर धूप, अगरबत्ती, लिक्विड आदि का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसके बाद भी मच्छरों का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। मच्छर के कारण डेंगू व मलेरिया फैलने का खतरा मंडरा रहा है। नगरवासी विनय निगम, इरफान पठान, दीपक सोनी, पवन याज्ञिक, मनीष परिहार, कक्कू आदि ने बताया कि नगर में डीडीटी पाउडर का छिड़काव नहीं होने से भी परेशानी बढ़ रही है। नगर में फॉगिंग मशीन भी नहीं चलवाई जा रही है। यही कारण है कि दिन प्रतिदिन मच्छरों की संख्या बढ़ने के साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ रही है। लोगों ने नगर पालिका ईओ सीमा तोमर से मांग करते हुए कहा कि बदलते मौसम में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए नगर में दवा एवं फॉगिंग कराई जए। जिससे लोगों को मच्छरों के कारण होने वाले रोगों और परेशानियों से राहत मिल सके। इस संदर्भ में ईओ सीमा तोमर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा समय समय पर फॉगिंग कराई जाती है। शीघ्र ही फिर से सभी वार्डों में फॉगिंग कराई जाएगी।

उज्जवल और निर्मल भक्ति के साथ जोड़ता निरंकार : देवेन्द्र

▸ संत निरंकारी सत्संग में उमड़ी सत्संगियों की भीड़

गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।

कामी क्रोधी लालची, इनसे भक्ति ना होए। संसार में ज्यादातर लोग इन रोगों से ग्रसित है। निरंकारी मिशन परम सत्य की जानकारी करा कर इन सब रोगों से छुटकारा दिलाता है और वह उज्जवल और निर्मल भक्ति के साथ जोड़कर इनके जीवन को आनंद प्रदान करते हैं। क्योंकि संसार में दूसरे का हित करने के समान कोई सेवा नहीं है। बताया निर्गुण और सगुण में कोई अंतर नहीं है। जो परमात्मा की सेवा करना चाहता है। वह इंसानों की सेवा करके परमात्मा को खुश कर सकता है परमात्मा उनसे ही खुश होता है। जो इंसानों की सेवा में अपना विश्वास रखते हैं। जो प्रभु परमात्मा की निस्वार्थ भक्ति करते हैं। निरंकार उनका पूरा ध्यान रखता है।

संत निरंकारी सत्संग में मौजूद सत्संगी समृद्धि न्यूज

यह बात रविवार को नगर के मोहल्ला सूबेदार नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में संत निरंकारी सत्संग में महात्मा देवेंद्र कुमार जी ने कही। कहा कि जब जब होई धरम की हानि बाड़ही असुर अधम अभिमानी। संसार में जब जब भी अधर्म बड़ा है। तब तब यह निराकार साकार रूप में आकर अपने भक्तों की रक्षा करता है और सदैव उनको अहित से बचाता है। इसी प्रकार आज भी संसार में चारों तरफ अधर्म का बोलबाला है। हर तरफ इंसान दुखी है। परेशान है। वह सुख की चाहना में दरबदर भटक रहा है। ऐसे लोगों को आज निरंकारी मिशन अपने गले से लगा कर उन्हें अपनी ठंडी छांव देकर उनको अपने साथ बिठाकर उन्हें राहत दे रहा है। क्योंकि आज चारों तरफ हाहाकार मची हुई है और ऐसी जलती हुई दुनिया में निरंकारी मिशन एक ठंडी फुहार का काम कर रहा है। जिस कारण बहुत सारे लोग आज इस मिशन के साथ जुड़कर अपने जीवन को धन्य और पावन कर रहे हैं। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य यही है कि नर पूजा, नारायण सेवा। निरंकारी संत किसी को दुख कष्ट नहीं देते वह किसी की आंख में आंसू नहीं देते। वे सदैव सभी के लिए कल्याण का रास्ता कायम करते हैं। खुशियां देते हैं और सबको खुशहाल करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर ईश्वर दयाल, सुशील, रामकरण, राम शरण, अशोक, पुष्पा, मुन्नी, रामबेटी आर्या, नेहा सहित सैकड़ों सत्संगी उपस्थित रहे।

ट्राली बैग में लाश होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, बैग में मिले खिलौने

▸ पुलिस को गुमराह करने की साजिश के तहत मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

थाना इंदरगढ़ पुलिस को दूरभाष पर सूचना मिली कि एक गांव के बाहर नहर पुलिया के पास ट्राली बैग में लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही बताए गए स्थान पर पुलिस टीम जा पहुंची। यहां पुलिस टीम को नहर के किनारे एक बैग पड़ा दिखाई दिया तो सभी दंग रह गए। पुलिस टीम ने जब बैग खोला तो उसमें प्लास्टिक के हाथ-पैर और कुछ खिलौने भरे हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। रविवार को एक शख्स ने इंदरगढ थाना पुलिस को फोन पर सूचना दी कि क्षेत्र के कन्हईपुरवा और घनापुरवा गांव के बीच नहर की पुलिया के पास एक ट्राली बैग में लाश पड़ी हुई है। जिसके बाद थाने के उपनिरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ घनापुरवा गांव के नजदीक नहर किनारे पहुंच गए। यहां पुलिस को नहर के किनारे ट्राली बैग रखा दिखाई दिया। किसी वारदात की आशंका के चलते पुलिस ने कुछ ग्रामीणों को भी वहां बुला लिया। जिनके सामने उस बैग को खोला गया, लेकिन उसके अंदर लाश की जगह प्लास्टिक के हाथ-पैर निकले। साथ ही बैग में कुछ अन्य प्लास्टिक के खिलौने भी पाए गए। जिस पर पुलिस ने राहत की सांस ली, हांलाकि पुलिस ने इसे गुमराह करने की साजिश् माना और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मामले को थाना पुलिस ने कहा है कि किसी अराजकतत्व ने इस तरह की अफवाह फैलाने के लिए यह साजिश की है, मामले की पड़ताल की जा रही है।

जमीनी विवाद को लेकर रिश्तेदार से मारपीट

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

जमीनी विवाद को लेकर रिश्तेदार द्वारा गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी नानी रामदर्शनी बेवा भगवानदास का सगा पुत्र उन्हें सही से नहीं रखता था और उनके साथ मारपीट करता था। जिसके चलते नानी करीब 5 वर्ष से उनके साथ ही रह रही हैं। नानी के नाम कुछ जमीन है जिसको हड़पने की नीयत से उनका पुत्र रविवार की सुबह उनके घर आ धमका और नाली से जबरन जमीन उसके नाम करने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर उसने नानी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। जब वह बचाने के लिए पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं शोरगुल सुनकर पड़ोसियों को आता देख वह आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज। रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पकरा नदसिया निवासी नेहा सिंह पत्नी आलोक सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की दोपहर वह घर की ओर जा रही थी। तभी गांव के ही शिव सिंह भदौरिया, सोनू सिंह, सीमिती, सिमरन ने रंजिश के चलते रास्ते में घेरकर गाली गलौज करते हुए लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जन आरोग्य मेले में 97 मरीजों को मिला उपचार

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें मरीजों की निशुल्क जांच व दवा दी जाए। जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के जसपुरापुर, अनौगी, जलालाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने मेले में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की। जलालाबाद में 36, जसरापुर में 33, अनौगी में 28 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। तीनों पीएचसी पर कुल 97 मरीजों को उपचार मिला। वही मेले में आए मरीजों को चिकित्सकों ने बदलते मौसम के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। खानपान पर विशेष ध्यान दे। इस दौरान डॉ माजिद, डॉ अनिल यादव, डॉ इफ़ाक हुसैन ,फार्मासिस्ट नवीन सचान, ओमकार, एराज हुसैन ,स्टाफ नर्स अर्चना, वार्ड बॉय शिवकुमार समेत समस्त स्टाफ़ मौजूद रहा।

मरीज का उपचार करते चिकित्सक समृद्धि न्यूज

उपजा जालौन शपथ ग्रहण समारोह

पत्रकारों के हर दर्द में सरकार साथ है : बृजेश पाठक

▸ पत्रकार भवन के लिए पूरा सहयोग करूंगा : भानु प्रताप वर्मा

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

पत्रकारों के हर दर्द में सरकार साथ है यह बात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कही। वे आज स्थानीय सिटी सेन्टर सभागार में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एशोसियेशन (उपजा) के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में सम्बोधित कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि उपजा कोई साधारण पत्रकार संगठन नही है और कई दशकों से पत्रकार हितों की बात करता आ रहा है। उपजा से संबंधित सभी पत्रकार राष्ट्रहित और समाजहित में अपनी लेखनी का इस्तेमाल करते है। श्री पाठक ने कहा की पत्रकार भवन बनने की चर्चा है इसमें जो भी कमी पड़ेगी। उसका उत्तर प्रदेश सरकार सहयोग करेगी। श्री पाठक ने कहा कि आज जिन पत्रकारों ने दायित्व ग्रहण किया है वे पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी लेखनी का इस्तेमाल राष्ट्र एवं समाजहित के लिए करते रहेंगे। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है समाज समझता है कि समाचार पत्र या टीवी में जो भी खबर दिखाई जा रही है वह बिल्कुल सत्य होगी, इसलिए पत्रकारों से अनुरोध है कि वे समाज को भ्रमित करने वाले समाचार ना परोसे, क्योंकि जनता पत्रकारों पर विश्वास करती है। इस अवसर पर वे इस जिले में एक बार विधायक, पांच बार सांसद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में राज्यमंत्री है। उन्होने क्योकि उनकी दिली इच्छा जनपद जालौन मुख्यालय उरई में पत्रकारों के लिए एक भवन बने। उन्होने पत्रकारों का आवाहन करते हुए कहा कि आप भवन के लिए जमीन दिलवाएं, मैं वर्ष 2024 के पहले पत्रकारों के लिए उरई में एक भवन बनाकर दूंगा, उसके लिए पूरी धनराशि उपलब्ध कराऊंगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा.घनश्याम अनुरागी ने कहा कि वे जब हमीरपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष थे तब उन्होने पत्रकारों के ब्यूरो कार्यालय जिला पंचायत परिसर में ही खुलवायें थे। वे यहां भी पत्रकारों का सहयोग करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि वे प्रत्येक पत्रकार के दुख सुख में खड़े हैं कोई आधी रात को भी बुलायेगा, तो उनकी समस्याओं के निराकरण की लिए तैयार है। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने पत्रकारों की हर समस्याओं के निराकरण के लिए हर तरह से सहयोग देने के लिए तैयार रहते है।

कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि यदि किसी के साथ अन्याय होता है तो पहले सभी पत्रकार एकजुट होकर अन्याय के लिए आवाज बुलंद करते थे, नई पीढ़ी के पत्रकारों को अपने सीनियर पत्रकारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह बनाजी ने कहा कि वे उपजा की नई जिला कार्यकारिणी और सदस्यों को शुभकामनाएं देते है और पत्रकारों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे तत्पर रहेंगे। वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक राठौर ने कहा कि जब अन्याय के खिलाफ पत्रकार एकजुट होता है तो इतिहास गबाह है बड़ी से बड़ी ताकत को भी घुटने टेकने पड़ते हैं। उपजा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दीपक अग्रिहोत्री ने कहा कि उपजा और उसका राष्ट्रीय संगठन (एनयूजेआई) पत्रकारों के हितों के लिए सदैव संघर्ष करती आयी है और करती रहेगी। देश में पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों की पेंशन, पत्रकार सामूहिक बीमा, पत्रकारों को कालोनियां तथा आवास भूखंड आदि मांगों को लेकर केन्द्र और प्रदेश सरकार में हमारी मांगें लम्वित है।

इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता अवध शर्मा बब्बा, सत्य नारायण अग्रिहोत्री, राजेश मिश्रा, राजीव नारायण मिश्रा, दीपू द्विवेदी, रामआसरे त्रिवेदी, रामस्वरुप मिश्रा, अनिल शर्मा अधिवक्ता, ओमप्रकाश राठौर, अजय मिश्रा, वृजमोहन निरंजन, शिवकुमार जादौन, राहुल दुबे, कमलकांत दुबे, कुलदीप गोस्वामी, सुधीर पाठक, सतीश द्विवेदी, सौरभ अग्रिहोत्री, राकेश बाथम, हेमंत सिंह दाऊ, सुधीर राना, रामकुमार शर्मा, दिलीप दुहौलिया, अकील अहमद, सुरेन्द्र राजावत, राकेश तिवारी, मनोज जाटव, सुशील पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय हमीरपुर, ज्ञानेन्द्र सेठ, शशिशेखर दुबे, मुदित चिरवारिया झांसी, भरत अवस्थी, अमित सोनी, गोपाल विश्नोई, ओमप्रकाश तिवारी, सुशील नायक, रविकांत गौतम, विनोद विक्रम, गोविन्द स्वीट, रमाशंकर शर्मा, अमित द्विवेदी, धनजंय त्रिवेदी, पवन अग्रवाल, बिहारीलाल एट, अब्दुल अजीज, पवनदीप निषाद, राहुल कुमार, रोहित राना, विपिन श्रीवास्तव आटा, वृजेश तिवारी, बिहारी लाल कुशवाहा, रामस्वरुप मिश्रा, गणेश वाजपेयी, अनिल वाजपेयी, राधेश्याम तिवारी, बिहारीलाल, कुलदीप गोस्वामी, श्यामनाथ सक्सेना, अजय मिश्रा, शंकर शुक्ला, इबादत अली शानू सहारा, अतुल त्रिपाठी, पूरन जगम्मनपुर, रामनरेश दुबे, कैलाश प्रजापति, आदेश श्रीवास्तव, आशीष कुमार, रघुराज प्रसाद स्वर्णकार, विष्णु चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र द्विवेदी, मुशीर अहमद, अमित सोनी टुल्लन, रविकांत द्विवेदी, सत्य प्रकाश शुक्ला, गोपाल कृष्ण अवस्थी, सौरभ चतुर्वेदी, इसरार खान, पुष्पेन्द्र यादव, महेश स्वर्णकार, अरविन्द सोनी, भरत दुबे कदौरा, सुरेन्द्र द्विवेदी ईटो, भोला पाठक, लवकुश त्रिपाठी, राममनोहर यादव, प्रशांत शुक्ला, विपिन श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र सेठ, गणेश बुधौलिया, पूरन प्रताप सिंह, विपिन झा, विवेक अग्रवाल, रामेन्द्र द्विवेदी, विनोद पाण्डेय मदारीपुर आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व भाजपा की सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गरिमा पाठक ने पति के साथ उपजा सदस्यता ग्रहण की। पहले सत्र में उपजा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, प्रमाणपत्र एवं परिचय पत्र का वितरण केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर वितरित किए। दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र, परिचय पत्र वितरित किये। दोनों सत्रों के कार्यक्रम का संचालन उपजा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दीपक अग्रिहोत्री ने किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त उपजा जिलाध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी ने किया।

बिना प्रोटोकॉल पत्रकारों के कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व केन्द्रीय राज्यमंत्री

जिले में पहली बार ऐसा हुआ है जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा पत्रकारों के कार्यक्रम में बिना प्रोटोकाल के ही पहुंच गये। मालूम हो कि आज उ0प्र0 जर्नलिस्ट एसोसियेशन (उपजा) का शपथ ग्रहण समारोह सिटी सेन्टर सभागार में लेकिन इसके लिए उपजा पदाधिकारियों ने जबतक मंत्रियों से सम्पर्क किया तब तक उनके प्रोटोकाल जिले में आ चुके थे, लेकिन पत्रकारों का कार्यक्रम होने की वजह से दोनों मंत्रियों से सहृद्रयता दिखाते हुए बिना प्रोटोकाल के ही उपजा के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंच गये, जिसकी पत्रकारों और समाजसेवियों ने खूब सराहना की।

बाजार गया युवक हुआ लापता

लापता रंजीत शाक्य का फाइल फोटो

गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज। घर से बाजार जाने की बात कहकर गया युवक लापता हो गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा समधन के इस्माइलपुर के मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी हरीओम शाक्य ने बताया कि उसका 24 वर्षीय पुत्र रंजीत शाक्य बीती 08 अप्रैल शनिवार की शाम लगभग 06 बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से गया था। जो देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर की। लेकिन उसका पता नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू कर दी है।

पम्पिंग सेट के लाइसेंलर से निकली चिंगारी से साधु की झोपड़ी जलकर राख

जली झोपड़ी में बैठा साधु व मौके पर मौजूद पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता आदि

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। सिंचाई के दौरान पंपसेट के साइलेंसर से निकली चिंगारी ने साधु की झोपड़ीनुमा मकान जलाकर राख कर दिया। आग बुझाने में साधु का पुत्र झुलस गया। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता ने पहुंचकर साधु को मदद करने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी साधू अहिबरन सिंह पुत्र रसाल सिंह झोपड़ीनुमा मकान में रहकर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे।

साधु के पुत्र रामदत्त ने बटाई पर खेत किया है। जिसकी सिंचाई डीजल पंप से की जा रही थी। उसी इंजन के साइलेंसर से निकली चिंगारी झोपड़ी पर जा गिरी और देखते ही देखते झोपड़ी धूं-धूंकर जल उठी। आग बुझाने के चक्कर में साधु का पुत्र झुलस गया। घटना में 50 हजार से अधिक की नगदी व घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, तहसील के अधिकारी, लेखपाल मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता मौके पर पहुंचे और साधु को ढांढस बंधाया।

ध्यान एवं शांतिपाठ के बीच महात्मा रामचंद्र के जलसे को विराम

- महात्मा रामचंद्र की समाधि तक भक्तों को खींच लाते है उनका श्रद्धा और विश्वास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आन्तरिक अभ्यास (ध्यान) एवं शांति पाठ के साथ सूफी संत महात्मा रामचन्द्र के अनुयायियों का तीन दिवसीय सालाना जलसा रविवार को सम्पन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने विदा होते समय महात्मा रामचन्द्र की पौत्रवधू माधुरी सक्सेना एवं प्रपौत्र सूफी संत विनय सक्सेना से आशीर्वाद लिया तथा अगले वर्ष भण्डारे में आने का संकल्प लिया। जलसे में दिल्ली गांधी नगर के विधायक अनिल बाजपेयी, रामपुर की पूर्व जिला जज अलका श्रीवास्तव, रेलवे के पूर्व मुख्य सर्तकता अधिकारी सुनील गुप्ता, पर्यटन अधिकारी चित्र गुप्त श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। जलसे को सम्बोधित करते हुए सूफी संत प्रभात मोहन ने महात्मा जी की साधना पद्दित को बताया।

महात्मा रामचंद्र की समाधि पर साधना में मग्न भक्तजन

उन्होंने कहा कि जो लोग धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते, वहीं वास्तव में सूफी संत और फकीर है। महात्मा रामचन्द्र के प्रपौत्र सूफी संत विनय सक्सेना ने महात्मा जी के जादुई भरे करिशमाई किस्से सुनाकर उनकी रुहानी ताकत का एहसास कराया। उन्होंने कहा कि सूफी धर्म सद्भाव और इंसानियत का पैगाम देता है। सदारत सूफी मौलाना शहनाज खान के की, उन्होंने महात्मा जी के आदर्शो को आत्मसात करने का आवाह्न किया। पीढ़ियों से महात्मा जी में श्रद्धा लोगों को यहां खींच लाती है। जलसे में ग्वालियर मध्यप्रदेश से राजकुमार पिछले 20 वर्षो से समाधि पर आ रहे है।

उन्होंने बताया कि समाधि से जुड़कर रुहानी ताकत का एहसास होता है। विधायक अनिल बाजपेयी पिछले 30 वर्षो से समाधि के जलसों में आ रहे है। उन्होंने बताया कि महात्मा जी से जुड़कर जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए। मऊ जिले से आये रामनिवास यादव ने बताया कि उनकी पीढ़िया महात्मा जी से जुड़ी है। यही श्रद्धा और विश्वास उन्हें यहां खींच लाती है। समारोह में गिरीश चन्द्र बाथम, शालिनी, समीर सक्सेना, अवधेश दुबे, प्रदीप विसारिया, शिवम सक्सेना, राकेश पाल, सुशील दीक्षित ने व्यवस्था संभाली। तीन दिन तक चले इस आयोजन से जिले भर में निराकार ब्रह्म की भक्ति का वातावरण रहा।

ईस्टर पर प्रभु यीशु मसीह की याद में मसीह समाज ने निकाला कैंडिल मार्च

ईस्टर पर कैंडिल मार्च निकालते मसीह समाज के लोग

- रविवार की सुबह होते ही स्वर्गदूतों ने पत्थर को हटाया और वह कब्र से बाहर आये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ईस्टर पर प्रातः होते ही मसीह समाज के लोगों ने पुनरुत्थान का प्रतीक कहे जाने वाले यीशु मसीह की याद में कैंडिल मार्च निकाला। सीएनआई बढ़पुर चर्च, रखा चर्च, सिटी चर्च, आल सोल्स चर्च में ईस्टर पर आराधना सभा का आयोजन हुआ। शुक्रवार को गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु मसीह को शूली पर चढ़ाया गया था। तीसरे दिन रविवार को वह पुनःजीवित हो गये, तभी से रविवार के दिन ईस्टर का त्योहार मनाय जाता है। जिन्हें रोमन कैवलरी द्वारा क्रूस पर चढ़ाया गया था और गुड फ्राइडे के दिन उनकी मृत्यु हो गयी थी। उनके शरीर को लिनेन में लपेटा गया था। उन्हें अरिमथिया के जोसेफ के स्वामित्व वाली कब्र में दफनाया गया था। कब्र को तब एक बड़े पत्थर से ढक दिया गया था। यह भी माना जाता है कि रविवार की सुबह स्वर्गदूतों ने पत्थर को लुढ़का दिया और यीशु कब्र से बाहर निकल गये।

प्रत्येक मसीह समाज के लिए यीशु का पुरुत्थान पाप और मृत्यु पर उनकी जीत का प्रतीक है। इस दिन सभी गिरजाघरों में भजन और गीत गाकर उनकी आराधना होती है। ईस्टर अंडे और ईस्टर बनी ये परम्परायें पूर्व ईसाई मूर्ति पूजक संस्कृति की हैं। अंडे का जन्म उर्वरता का प्रतिनिधित्व करता है। इस मौके पर पादरी जयपाल मैसी ने बढ़पुर चर्च व आल सोल्स चर्च में प्रार्थना सभा करायी। पादरी स्टीफन मसीह ने सिटी चर्च व रखा चर्च में आराधना सभा में उपदेश दिये। सुबह यीशु मसीह की याद में मुख्य मार्ग से चर्च तक कैंडिल मार्च निकाला गया।

भाजपा में दावेदारियों का लगा तांता, स्क्रीनिंग कमेटी का गठन शीघ्र

- हर रोज हो रहे प्रत्याशिता के पांच दर्जन से अधिक आवेदन, कायमगंज नगर पालिका के लिए अशोक वर्मा ने किया आवेदन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सुबह से लेकर शाम तक रौनक देखने को मिल रही है। नगर निकाय चुनावों में अध्यक्ष पद और सभासद पद के आवेदनकर्ता हर रोज बड़ी तादात में कार्यालय प हुंचकर अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत कर रहे है।

इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने बताया कि कोर कमेटी की घोषणा शीघ्र हो जायेगी। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के महत्वपूर्ण लोग बैठकर टिकट का फैसला करेंगे। उन्होंने बताया कि दावेदारी के लिए पार्टी की सदस्यता और दावेदार के चुनाव जीतने की स्थिति को मानक बनाया गया है। स्थानीय निकाय चुनाव के संयोजक कैप्टन डीएस राठौर, जिला महामंत्री हिमांश गुप्ता भी आवेदन ले रहे है।

जिलाध्यक्ष को आवेदन सौंपते अशोक वर्मा

जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रतिदिन 50से लेकर 60 तक पूरे जिले से आवेदन आ जाते है। स्क्रीनिंग कमेटी बनने तक आवेदन लेना जारी रहेगा। नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अध्यक्ष पद के लिए करीब 21 आवेदन आ चुके है व ओबीसी आरक्षित नगर पालिका कायमगंज के लिए 20 के लगभग दावेदारों ने आवेदन किया है। टिकट के लिए निर्धारित मानकों के बारे में पूछने पर जिलाध्यक्ष ने कोर कमेटी के ऊपर बात टाल दी और यह भी कहा कि टिकट के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। कोई भी साधारण सदस्य दावेदार हो सकता है। पार्टी नेतृत्व ने पारदर्शी नीति अपनाते हुए सभी को मौका दिये जाने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष ने अब तक हुए कुल आवेदनों के बारे में पूछे जाने पर गेंद स्थानीय निकाय चुनाव संयोजक डीएस राठौर के पाले में डाल दी। रविवार को कायमगंज नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार वर्मा, फर्रुखाबाद नगर पालिका के लिए श्वेता दुबे व रमला राठौर ने प्रमुख रुप से आवेदन पत्र प्रस्तुत किये। इसके अलावा नगर पंचायतों के लिए दावे प्रस्तुत हुए। सभासद के लिए भाजपा से चुनाव लड़ने का मन रखने वाले लोगों ने भी अपनी-अपनी दावेदारियां प्रस्तुत की।

गंगा सेवा समिति ने गंगा घाट पर किया श्रमदान

घाटों पर सफाई करते गंगा सेवा समिति के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ की ओर से अपने नियमित साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत बरगदिया घाट के पावन तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा भूलवश एवम अज्ञानता के कारण पूजा सामग्री पॉलीथिन, प्लास्टर ऑफपेरिस से बनी मूर्तियों का अनियमित तरीके से विसर्जन करने के कारण घाट पर काफी गंदगी हो जाती है। जिसे समिति के सदस्यों ने श्रमदान करके साफ किया और श्रद्धालु जनों से आग्रह किया अपनी सनातन संस्कृति की मूल प्रकृति जन्य भावनाओं को अपने अंदर समाहित करें। सभी सदस्यों एवम पदाधिकारियों ने समिति द्वारा घाट पर स्थापित माता तुलसी वाटिका की गुड़ाई कर घास निकाली और सिंचाई करते हुए समाज को वृक्षारोपण का संदेश दिया। इस मौके पर आलोक चतुर्वेदी,, चैतन्य, सन्जू, आयुष, सोनू, राजेन्द्र, राजीव, नन्द किशोर, अनुज प्रताप, श्रेया मौजूद रहे।

रमजान मुस्लमानों के लिए बाबरकत का महीना है

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्हा की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुवे आफताब तक के लिए खाने पीने के लिए रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की बुराईयों से रोके रखता है। मुस्लमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है।

सीरत कमेटी के पूर्व मेम्बर हसीन खां बांस बल्ली वाले ने बताया कि मुस्लमानों के लिए रमजान वाबरकत का महीना है। जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिश करता है। मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं। यह वह अजीन महीना है। जिसमें अल्हा ने तौरेव जुबूर इंजील और कराने करीम नाजिल फरमाया है। इस माह में अल्लाह ने एक रात शबे कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रातों

हसीन खां

पूर्व सभासद रफी अंसारी

से अफजल है। पूर्व सभासद रफी अंसारी ने बताया कि गरीबों की मदद करें। रोजदार के लिए फरिश्ते दिन रात मगफिरत की दुआ करते हैं। रोजदार इस माह में अपने रब पर भरोसा करके भूख को प्यास को बर्दाश्त करते हैं और अपने रब को राजी करने की कोशिश करते हैं। अल्लाहताला की इबादत करते हैं और इसी हालात में वह गुनाहों से ऐसे पाक हो जाता है, जैसे अभी मां के पेट से किसी बच्चे ने जन्म लिया हो।

सामाजिक कार्यों के लिए सांसद ने निहारिका को दिया प्रशस्ति पत्र

निहारिका पटेल को प्रशस्ति पत्र देते सासंद मुकेश राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नमामि गंगे की परियोजनाधिकारी निहारिका पटेल ने नेहरु युवा केंद्र के द्वारा समय-समय पर जन जागरुकता अभियान संचालित किये हैं। गंगा स्वच्छता संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, गंगा स्वच्छता अभियान,जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, वृक्षारोपण के अलावा सामाजिक एवं रक्तदान शिविर व सरकार की योजनाओं की संगोष्ठियां, प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, रैली, गोष्ठी आदि आयोजन में प्रतिभाग किया। साथ ही रक्तदान कर एक बेटी की जान की जान बचायी है। जिसके लिए सांसद मुकेश राजपूत ने प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दी है।

करांटे खिलाड़ियों को बांटे गये कलर बेल्ट परिणाम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर करांटे अकैडमी में बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें पास होने वाले छात्र-छात्राएं क्रमशः आदित्य पाल, सौम्या, सुशांत, वैष्णवी वर्मा येलो बेल्ट, अश्विन, नितिक्षा, रिद्धि, स्पर्श और वैष्णवी चतुर्वेदी ने अरेंज बेल्ट, अमन वर्मा, पाखी सक्सेना, वेदांत ने ग्रीन प्रथम, सक्षम ने ब्लू बेल्ट, उमंग ने परपल और विट्ठल वर्मा ने ब्राउन तृतीय प्राप्त की। पास होने वाले छात्र-छात्राओं को और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में क्रमशः अर्पिता भारद्वाज, रितिक चतुर्वेदी और सक्षम रस्तोगी को मुख्य अतिथि अरुण प्रकाश तिवारी, बबीता पाठक और लाल जी सक्सेना के द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र को पाकर सभी छात्र-छात्राएं बहुत खुश हुए। इनकी इस उपलब्धि को देखते हुए इनके मुख प्रशिक्षक सेनसेई पारस भारद्वाज, सेनसेई

प्रमाण पत्र के साथ करांटे खिलाड़ी

आरती भारद्वाज ने कहा की हम पास होने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हैं और जो पास नहीं हुआ उनको भी बधाई देते हैं, क्योंकि उन्होंने कोशिश की, मेहनत की और वहां तक पहुंचे।

हम तभी असफल होते है जब मेहनत मे कोई कमी रह जाती है। कोच रुपेश गौर, मनीष वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण तिवारी ने की। इन लोगों ने कहा की जनपद का यही एक मात्र क्लास है जो की इतनी मेहनत करता है। जिससे अपने जिले का नाम राष्ट्रीय स्त्र, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो सके। बबिता ने कहा की आज के समय मे यह लड़कियों के लिय बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा की हर लड़की को करांटे सीखना चाहिये ताकी वो अपनी और अपनों को मदद कर सकें।

स्वेता दुबे व रमला राठौर ने अध्यक्ष पद के लिए की दावेदारी

जिलाध्यक्ष व महामंत्री को नामांकन पत्र सौंपतीं स्वेता दुबे

जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता के प्रतिष्ठान पर आवेदन पत्र सौंपतीं रमला राठौर व मौजूद समर्थक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी में नगर निकाय चुनाव को लेकर आवेदनकर्ताओं की होड़ लगी हुई है। सबसे ज्यादा नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के लिए अभी तक लगभग आधा सैकड़ा आवेदन हो चुके हैं। पार्टी कार्यालय से लेकर नेताओं के घर व दुकानों पर पहुंचकर आवेदनकर्ता अपने पत्र सौंप रहे हैं। टिकट पार्टी नेतृत्व ही तय करेगा, लेकिन दावेदारी की होड़ में कोई पीछे रहना नहीं चाह रहा है। सदर क्षेत्र नगर पालिका परिषद के लिए भारतीय जनता महिला मोर्चा से अभी तक छह आवेदन हो चुके हैं। जबकि अन्य आवेदनकर्ता भी कर चुके हैं। सामान्य महिला सीट होने के करण आवेदनकर्ता बिना समय गंवाये अपना पत्र नेताओं के घर व दुकान पर पहुंचकर आवेदन कर रहे हैं। महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष स्वेता दुबे ने देर रात पार्टी कार्यालय आवास विकास पहुंचकर जिलाध्यक्ष रुपेश

- भाजपा कार्यालय छोड़ घरों व प्रतिष्ठानों पर होने लगे आवेदन

गुप्ता व महामंत्री डीएस राठौर को अपना आवेदन सौंपा। स्वेता दुबे ने बताया पिछले पांच सालों में पार्टी के हर कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। दूसरे दिन पार्टी कार्यालय पर आवेदन करने वालों की होड़ रही। कार्यालय पर नेता न मिलने के कारण महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रमला राठौर ने जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता के प्रतिष्ठान लालगेट पर पहुंचकर अपना आवेदन पत्र सौंपा। आवेदन पत्र में उन्होंने अपनी जन्मतिथि 01.01.1977 और व शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, निवास स्थान अपर दुर्गा कालोनी दर्शाया है। साथ ही सामाजिक परिचय का भी बखान किया है। रमला राठौर ने बताया कि मैं पूर्व में सभासद रह चुकी हूॅ। लोगों की मांग पर नगर पालिका का चुनाव लड़ने का मन बनाया है। आवेदन पत्र सौंपने के दौरान कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, रामवीर चौहान, बिटाना चौहान, बिटान देवी आदि लोग भी उनके साथ मौजूद रहे।

परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न

बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष नारायनदत्त द्विवेदी के आह्वान पर बेवर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में रीटू दुबे के संयोजन में बैठक सम्पन्न हुई। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर ब्राह्मणों ने अपने विचार रखे। भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर वार्तालाप हुई। 23 अप्रैल को प्रातः 9 बजे भगवान परशुराम का जन्मोत्सव की प्रतिमा पर अभिषेक करने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्षता करते हुए जवाहर मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की जायेगी। गोविन्द मिश्रा, अनुराग पाण्डेय, जुगुल किशोर मिश्रा, आचार्य प्रदीप नारायन, स्वदेश दुबे ने कार्यक्रम को भव्य बनाने व जन-जन तक सूचना पहुंचाने के लिए विचार रखे। सभी लोगों से अपील की गयी कि कार्यक्रम को भव्यता देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचकर सफल बनायें। इस मौके पर प्रमोद गोस्वामी, बबलू गोस्वामी, आलोक शुक्ला, उत्कर्ष चतुर्वेदी, गोविन्द मिश्रा, राजीव दीक्षित, अखिलेश कुमार शुक्ला, स्वदेश दुबे, विमल दुबे, अनुराग पाण्डेय, अनुपम शुक्ला, कृष्ण मुरारी बाजपेयी, स्वयं दीक्षित, निहाल पाण्डेय, शिवम चतुर्वेदी, रामजी चतुर्वेदी, रामजी बाजपेयी मौजूद रहे।

सीएचसी में दवा लेने गयी महिला बाइक से गिरी, मौत

मृतका का फाइल फोटो

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने आई महिला की वापस घर लौटते समय बाइक से गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बिरसिंहपुर निवासी शशि पत्नी वीर बहादुर सिंह अपने पुत्र सोनू सिंह के साथ राजेपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने आयी थी। दवा लेकर घर वापस लौटते समय कुतुलुपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने अचानक महिला बाइक से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गयी। उपचार के लिए परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर पुत्र सोनू आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

युवती को बुरी नियत से दबोचा, थाने में दी तहरीर....

नवाबगंज (सं.)। बीती रात घर के बरामदे में सो रही युवती को गांव के ही आरोपी युवक ने बुरी नियत से दबोच लिया। जिससे युवती ने शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर सुनकर घर वाले आ गये तो युवक भाग गया। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बछलैया निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनकी पुत्री बीती रात घर के बाहर बरामदे में सो रही थी, तभी गांव का रवि कुमार पुत्र भोला बाल्मीकि आया और पुत्री को दबोच लिया। पुत्री के शोर मचाने पर परिजन आ गये, तभी आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

छह हजार रुपये में लैपटॉप देने का झांसा देकर छात्र से ठगी

- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा

मेरापुर, समृद्धि न्यूज। थाना के गांव हिरनखुदा निवासी छात्र धीरज यादव पुत्र लटूरी यादव ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के आदेश पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

जिसमें दर्शाया कि 31 मार्च को वह फेसबुक चला रह था, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने एक संदेश भेजा कि 6000 रुपए में आपको एक लेपटॉप मिल जाएगा। लेपटॉप का उसने फोटो भी भेजा। छात्र ने लेपटॉप की फोटो देखकर उसे खरीदने की इच्छा जताई तो उक्त व्यक्ति ने कहा कि पहले आप 300 रुपये पार्सल पीस जमा करो। उसके द्वारा दिए गए फोन-पे नंबर पर छात्र ने 300 रुपए डाल दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने लैपटॉप डिलेवरी के लिए छात्र के पास फोन किया और कहा कि सिक्योरिटी के रूप में कुछ रुपये जमा करो। उसने छात्र को अपना दूसरा फोन-पे नम्बर देकर उस पर 32000 रुपए डलवा लिए और उसने कहा कि सिक्योरिटी के रूप में लिए गए रुपए आपको वापस कर दिए जाएगें। जब छात्र ने उसके नम्बर पर बात की तो वह टाल मटोल करने लगा। तब छात्र को पता चला कि मेरे साथ ठगी हुई है। छात्र ने रुपए उधार लेकर उसके पास भेजे थे। पीड़ित छात्र ने घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी दलवीर सिंह के सुपुर्द कर दी गयी है।

भागवत कथा सुनने गयी महिला के घर से चोरों ने पार किये नकदी व जेवरात

- पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की उठायी मांग

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। भागवत कथा सुनने गयी महिला के खाली पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी व जेवरात चुरा लिये। पीड़िता ने घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर दीनारपुर के मजरा ककरैया निवासी कुसुलता पत्नी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गांव में हो रही भागवत कथा सुनने पुत्रियों के साथ गयी थी। जब मकान खाली था। रात में जब वह लौटकर आयी तो घर का ताला टूटा हुआ था और बक्शा खुला पड़ा था। चोरों ने बक्से में रखी 5 हजार की नगदी, एक जोड़ी झुमकी, एक सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, चार सोने की चूड़ी, एक कमर का बिछुआ चांदी का, 1 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी तोड़िया सहित आदि सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। घटना का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

चोरी की घटना की जानकारी देती पीड़ित महिला

पुलिस अधीक्षक ने अमृतपुर थाने का किया निरीक्षण

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। एसपी अशोक कुमार मीणा ने थाने का निरीक्षण करके आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने महिला हेल्पडेस्क, कम्प्यूटर रुम, मालखाना, मैस, बंदी बैरक आदि का बारिकी से निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। कप्तान के वार्षिक निरीक्षण को लेकर थाने में सुबह से ही हलचल दिखायी देती रही। सभी चीजों को करीने से रखा गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय एवं कार्यवाहक थाना इंचार्ज उदयवीर सिंह ने व्यवस्था चौकचौबंद की। थाने में चल रहे भवन निर्माण में कुछ कमियां दिखायी देने पर एसपी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को सूचना देकर कमी को दूर कराया। पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए एसपी ने कहा कि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की घटना न हो। जो संदिग्ध हो उस पर तुरन्त कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज अमित शर्मा, दरोगा कमलेश कुमार, दरोगा होरीलाल, अमृतपुर प्रधान सचिन देव तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

नोडल अधिकारी के सामने नगर पालिका की खुली पोल, गई महिला की नौकरी

- चार माह से वेतन न मिलने का मामला जांच करने आयी नोडल अधिकारी के सामने आया
- पति की दुकान को भी नगर पालिका ने हटवाया, परिवार भूखों मरने की कगार पर
- शौचालय में तैनात कर्मचारी के कॉलम में आनन-फानन में माधुर की जगह लिखवाया किरन

बाल पेंटिंग में लिखवा माधुरी गिहार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ के जिला अस्पताल के निकट बने पिंक शौचालय में साफ-सफाई के लिए तैनात सफाई कर्मी महिला माधुरी ने जब विगत 4 महीनों से किसी प्रकार का मानदेय या वेतन न मिलने की शिकायत निरीक्षण करने आयी नोडल अधिकारी शालिनी तोमर से की तो नगर पालिका ने उसकों तैनाती से तत्काल हटा दिया और शौचालय के बाहर लगे तैनात बोर्ड में से उसका नाम हटाकर दूसरी महिला किरन का नाम लिखवा दिया।

विगत तीस वर्षों से चटाईयों आदि की दुकान लगाकर उसके घर के होने वाले गुजारे को भी छीन लिया और दुकान को हटवा दिया। अब महिला व उसका पति बेरोजगार होकर दर-दर की ठोकरे खा रहे है। इस संदर्भ में भाजपा कार्यालय पर दंपत्ति अपनी फरियाद लेकर पहुंचे और शिकायत की। जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने तुरन्त नगर पालिका के इंस्पेक्टर आदित्य पाण्डेय से बातचीत की तो उन्होंने ने बताया कि 4 महीने पहले शौचालय बनकर तैयार हुआ था। तब रजनी नाम की महिला को तैनात किया गया था। जबकि माधुरी का कहना है कि जब से शौचालय तैयार हुआ तब से वह वहां पर कार्य कर रही है। यह शौचालय सिर्फ महिलाओं के लिए है। दंपत्ति का कहना था कि नगर पालिका के अधिकारियों ने कहा था कि नोडल अधिकारी के सामने वेतन मिलने की बात कह देना। जब हम लोग झूठ नहीं बोल सकें तो हमें सच बोलने की सजा दी गई है नगर पालिका ने हम लोगों की रोजी-रोटी छीन ली। भाजपा जिला महामंत्री ने दंपत्ति को सहयोग का आश्वासन दिया। दोपहर में भाजपा जिला कार्यालय पर आवेदनों का क्रम चल रहा था। फतेहगढ़ स्थित पिंक शौचालय में तैनात कर्मचारी माधुरी अपने पति अजय कुमार निवासी गिहार बस्ती लकूला अपनी गुहार लेकर पहुंची व अपना दुखड़ा महामंत्री को सुनाया। माधुरी के पति ने कहा कि जब नियुक्ति नहीं थी तो शौचालय पर लगे तैनाती बोर्ड में माधुरी का नाम कैसे अंकित था। उन्होंने कहा कि कुछ गड़बड़ लग रहा है। वेतन की गड़बड़ी की जा रही है। जब खुलासा होने लगा तो हम लोगों को हटा दिया गया। मेरी दुकान हटवा दी, माधुरी गिहार को ड्यूटी से हटवा दिया। उन्होंने कहा कि मेरी दुकान हटवा दी गई तो परिवार का जीवन खतरे में पड़ जायेगा। उन्होंने भाजपा नेताओं से समर्थन करने की गुहार लगायी है।

खबरें चलते-चलते

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद (सं.)। शादी का झांसा देकर नाबालिक से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। दी गई तहरीर में मसेनी चौराहा निवासी पीड़िता की मां ने दर्शाया कि आरोपी सुमित सिंह पुत्र दिनेश सिंह तोमर निवासी पांचाल घाट रेड दीन दयाल बाग शादी का झांसा देकर बराबर दुष्कर्म करता रहा। जब उससे शादी करने के लिए कहा तो उसके घर से पता चला कि उसकी सगाई दूसरी जगह हो चुकी है और उसने पीड़िता की पुत्री से शादी करने से मना कर दिया। तो पीड़िता की पुत्री ने हाथ की नस काट ली। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी को फोन किया तो टालमटोल कर दी। उसके भाई सुमित तोमर ने भी गाली-गलौज किया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

एक दर्जन उपनिरीक्षक इधर से उधर

फर्रुखाबाद (सं.)। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था को और भी चौकस करने के लिए एक दर्जन उपनिरीक्षकों के इधर से उधर तबादले कर दिये। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक रणधीर सिंह को पुलिस लाइन से थाना मेरापुर, उ0नि0 हरिशंकर को पुलिस लाइन से थाना कमालगंज, जगत सिंह को पुलिस लाइन से विशेष जांच प्रकोष्ठ, यशवीर सिंह को पुलिस लाइन से थाना फर्रुखाबाद, रामजी लाल को पुलिस लाइन से जन शिकायत प्रकोष्ठ, रामचन्द्र को पुलिस लाइन से शमशाबाद, राजकुमार को पुलिस लाइन से जहानगंज, रणधीर सिंह को पुलिस लाइन से थाना कम्पिल, मिठाई लाल को पुलिस लाइन से मऊदरवाजा, सुघर सिंह को पुलिस लाइन से मऊदरवाजा, रामलखन को पुलिस लाइन से ए0एच0टी0यू0, जितेन्द्र कुमार को थाना मेरापुर से चौकी प्रभारी अचरा के पद पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरित किये गये उपनिरीक्षक शीघ्र चार्ज ले लें।

पुरानी रंजिश में दबंगों ने युवक को पीटा

नवाबगंज (सं)। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नया गनीपुर निवासी सरकारी राशन दुकानदार के पुत्र आशीष कुमार पुत्र स्वर्गीय करतार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह गल्ले की तौल करवाने के लिए धर्मकांटा पर गया था, तभी पुरानी रंजिश के चलते अशोक उर्फ वीर सिंह पुत्र लालाराम राजपूत व उनके दो तीन अज्ञात साथियों ने आकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया।

न्यायालय के आदेश पर चार पर मुकदमा दर्ज

मेरापुर (सं.)। थाना क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी अरविंद कुमार उर्फ बबलू ने गांव के ही सुरजीत व रोहित पुत्रगण जगरूप तथा गांधी व पप्पू पुत्रगण झब्बू सिंह के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। दायर याचिका में दर्शाया कि वह देशी दवाओं को बेंचने का करते है। 4 जनवरी की रात 7:30 बजे गांव के ही महेंद्र को पीड़ित अपने घर पर यह कह कर बुला ले गए की उनके परिवार के किसी व्यक्ति को जहरीले कीड़े ने काट लिया है। जब पीड़ित दवा देकर वापस घर लौट रहा था, तभी सुरजीत व रोहित पुत्रगण जगरूप तथा गांधी व पप्पू पुत्रगण झब्बू सिंह जमीनी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जानमाल की धमकी दी। 5 जनवरी की सुबह पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। 8 जनवरी को पीड़ित अपने चबूतरे पर अलाव ताप रहा था, तभी आरोपीगण आये और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित अपने घर में घुस गया, तभी आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोग आ गये। जिन्हें देखकर आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। तब जाकर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

- सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 175 बच्चों ने किया प्रतिभाग
- 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर प्रतिभागी बच्चे होंगे सम्मानित

कार्यक्रम में मौजूद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बोधिसत्व बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन व अम्बेडकर जयंती समारोह समिति जेएनवी रोड फतेहगढ़ द्वारा सम्पन्न हुई। नेकपुर चौरासी स्थित गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में सम्पन्न हुई। कक्षा 1 से लेकर स्नातक तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की संख्या 175 रही। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा इस साल दोगुनी रही। परीक्षा में बाबा साहब से संबंधित प्रश्न पूछे गये। साथ ही जीके व गणित के भी प्रश्न पूछे गये। परीक्षा का परिणाम 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर घोषित किये जायेंगे। पुरस्कार में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को 14 अप्रैल शाम को अतिथियों द्वारा सील्ड देकर सम्मानित किया जायेगा। परीक्षा आयोजन कराने में महिला शिक्षिका अमृता आर्य, सुधा, डॉ0 रंजना, उपासना, रानी, ओमशांति, संध्या, सिप्रा सागर, सोनी बौद्ध, नवोदिता, नीतू ने सहयोग किया। वहीं पुरुष वर्ग के शिक्षक कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, महामंत्री सुरेंद्र राणा, परीक्षा प्रभारी नरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, जितेंद्र सिंह, सुशील, दिनेश, चंद्रशेखर, त्यागी आदि लोगों ने अपने साथियों के साथ परीक्षा में सहयोग किया। विशेष सहयोग करने वाले प्रभुदयाल, सियाराम सागर, विनोद, राम नरेश गौतम, आरडी बौद्ध आदि लोग मौजूद रहे।

सहायक निदेशक ने कान्हा गौशाला की व्यवस्था को सराहा

- गौवंश को खिलाया गुड़, चौमुखी महादेव मंदिर पहुंचकर किये दर्शन

गौशाला का निरीक्षण करतीं नोडल अधिकारी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को सहायक निदेशक शालिनी तोमर ने नगर पंचायत में बनी कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। सहायक निदेशक ने आवश्यक अभिलेखों को देखा और साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही गायों के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी की। अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार ने गौशाला में 350 गाय होने की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में यह संख्या दर्ज पाई गई। अधिशासी अधिकारी ने गौवंश की मौत पर पोस्टमार्टम कराये जाने की जानकारी दी। लगभग आधे घंटे तक सहायक निदेशक ने गौशाला का निरीक्षण किया और संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरु हो गया है। इस दौरान गौवंशों को पानी आदि की कतई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। गायों को पर्याप्त चारा व भूसा की व्यवस्था पहले से कर ली जाये, तो आने वाले समय में गौवंशों को दिक्कत नहीं होगी।

उन्होंने गौवंश को गुड़ खिलाकर व्यवस्था की तारीफ की। अधिशासी अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद सहायक निदेशक ऐतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर पहुंची और दर्शन किये।

कहि जय जय जय रघुकुलकेतु, भृगुपति गए वनहि तप हेतु

परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज। भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम सर्व समाज के भगवान थे। भगवान राम के विवाह के दौरान जब परशुराम को पता चला कि भगवान शिव का धनुष किसी बालक ने तोड़ दिया, तो वह क्रोधित होकर अपना फर्शा उठा लिया। जिन्हें श्री राम ने शांत किया।

विमलेश मिश्रा

हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने बताया भगवान राम हर किसी रोम-रोम में बसते हैं। उसी तरह परशुराम भी हमरे समाज के पराक्रम हैं। वह शिवजी के बड़े भक्त थे और स्वाभिमानी थे। आतताइयों का पृथ्वी से 21 बार संहार करने के बाद वह शस्त्र गुरु कहलाये। उनको कोप का भाजन कोई नहीं बनना चाहता था, इसलिए वह शस्त्र उठाने वाले परशुराम बने।

रोहित तिवारी

समाजसेवी व महाविद्यालय के संचालक रोहित तिवारी ने बताया जब शिवजी का धनुष टूटा तो उन्होंने क्रोधित होकर कहा यह धनुष किसने तोड़ा है, तो लक्ष्मण ने कहा था कि शिवजी का धनुष तोड़ने वाला आपका कोई दास होगा। यह सुनकर मुनि क्रोधित हुए और बोले सो बिलगाउ बिहइ समाजा न त मारे जैहहिं सबराजा, सुनि मुनि बचन लखन मुसुकाने, बोले परशुधरहि अपमाने।

अपर्णा त्रिपाठी

कानोडिया बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका अपर्णा त्रिपाठी ने बताया धनुष तोड़ने के दौरान जब भगवान परशुराम को पता चला, तो वह बोले देवन्ह दीन्ही दंदुभी प्रभु पर बरसहिं फूल, हरषे पुर नर नारी सब मिटी मोहमय सूल, यह कहकर मुस्कराते हुए बोले कि भगवान राम का अवतार हो गया है।

प्रस्तुति, संवाददाता
लक्ष्मीकांत भारद्वाज-9839390810

ट्राली रोकने पर ग्रामीणों ने सिपाही को पीटा

कंपिल, समृद्धि न्यूज। गन्ने की ट्राली रोकने पर सिपाही से ग्रामीण का विवाद हो गया। ग्रामीणों ने एकत्र होकर सिपाही की पिटाई कर दी। जिससे सिपाही घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिपाही का मेडिकल परीक्षण कराया। क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी एक किसान शनिवार देर शाम गन्ने की ट्रेक्टर ट्राली लेकर जा रहा था। उसी समय थाने के 112 न0 सिपाही ने ट्रैक्टर को रोक लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया सिपाही नशे में किसान के साथ गाली-गलौज कर रुपए की मांग करने लगा। वाद विवाद बढ़ने पर सिपाही ने किसान के साथ मारपीट कर दी। किसान की चीखपुकार सुन ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने सिपाही को जमकर पीट दिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले को शांत किया। थाना पुलिस ने सिपाही इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। थाना प्रभारी आर के सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

महेंद्र कटियार ने पुत्रवधू का सपा से किया आवेदन

ओमप्रकाश शर्मा को पुत्र वधू का आवेदन सौंपते महेंद्र कटियार

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव के बनते ही पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की आवाजाही शुरु हो गयी है। पिछले काफी दिनों से कार्यालय में सन्नाटा छाया था। जिलाध्यक्ष बनने के तीसरे दिन नगर पालिका व नगर पंचायत निकाय के चुनाव के लिए आवेदनकर्ताओं की भीड़ शुरु हो गयी है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के समक्ष पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कटियार ने सदर नगर पालिका से चुनाव लड़ने हेतु अपनी पुत्रवधू सुची कटियार के लिए आवेदन किया है। सुची कटियार महेंद्र कटियार के छोटे पुत्र गुरुदीप सिंह कटियार की पत्नी हैं। महेंद्र सिंह कटियार सन 2017 से पार्टी में जुड़े तब से वह लगातार पार्टी में रहकर कार्य कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन के अलावा शिविर में भाग लेना। महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर प्रतिभाग करना रहा है। साथ ही पार्टी कार्यालय पर नगर पंचायत संकिसा के लिए राजीव यादव ने अपनी पत्नी सुनीता यादव के लिए पार्टी कार्यालय पर आवेदन किया है। वहीं नगर पंचायत संकिसा के लिए मनीष पाल ने अपनी पत्नी ओमवती पाल के लिए आवेदन पत्र ओमप्रकाश शर्मा को सौंपा है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने बताया नगर निकाय चुनाव की आवेदन प्रक्रिया को देखते हुए पार्टी के नि0 कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रजत क्रांतिकारी व मशरुर अहमद खां को आवेदन पत्र लेने हेतु प्रभारी अधिकृत किया गया है। यह तीनों लोग सुबह 11 बजे से 3 बजे तक पार्टी कार्यालय में रहकर आवेदन लेंगे।